● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 86, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 01 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





लवली ने आप पार्टी गठबंधन में निभाई अहम भूमिका: संजय 5

आईपीएल में प्लेआफ के करीब पहुंची केकेआर 6

## विकसित भारत बनाने में महिलाओं की अग्रणी भूमिका: मोदी



**मुंबई।** तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के माढा में चुनाव प्रचार किया। यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि भाजपा-एनडीए सरकार महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी ने इस रैली में कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल की तुलना अपने दस वर्षों के कार्यकाल से की। इसके अलावा सिंचाई परियोजना को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस को घेरा। इस दौरान पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने में महिलाओं के योगदानों की भी सराहना की।

पीएम मोदी ने कहा, बीते 10 साल में आपने जब से मुझे काम दिया है, मैंने अपने शरीर का कण-कण और समय का पल-पल आपकी सेवा में लगाया है। आज देश के लोग, महाराष्ट्र के लोग, मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल में अंतर देख रहे हैं। कांग्रेस 60 वर्षों में जो नहीं कर पाई, आपके इस सेवक ने 10 साल में करके दिखाया है। पीएम मोदी ने इस रैली में सिंचाई परियोजना को लेकर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, 2014 में सरकार बनने के बाद, मैंने पूरी शक्ति सिंचाई परियोजनाओं पर लगा दी। कांग्रेस की लटकाई 100 परियोजनाओं में से 63 हमने पूरी की हैं। हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बहुत बड़ा मिशन है। उन्होंने आगे कहा, विदर्भ हो या मराठवाड़ा, बूंद बूंद पानी के लिए तरसाने का ये पाप वर्षों से होता रहा है। कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया। इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए, लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं, इसमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं। सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है। रैली में मौजूद लोगों से प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी, देश की पूरी ग्रामीण व्यवस्था में सहकारिता के दायरे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए 2019 में जब आपने फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, तो हमने पहली बार सहकारिता के लिए अलग मंत्रालय बनाया। 10 साल पहले, जब रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी, तब महाराष्ट्र के कद्दावर नेता कृषि मंत्री थे। जब यहां के कद्दावर नेता दिल्ली में राज करते थे, तब गन्ने का एफआरपी करीब 200 रुपये था और आज मोदी के सेवाकाल में गन्ने का एफआरपी करीब 350 रुपये है।

रैली में पीएम मोदी ने देश की नारी शक्ति के योगदानों की सराहना की। उन्होंने बताया कि विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। बीते दस वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। पीएम मोदी ने गारंटी देते हुए कहा, मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धाराशिव में रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जो प्रतिद्वंद्वी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से मुकाबला करने में असमर्थ हैं, वे टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग कर फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, उनकी (विपक्ष) स्थिति अब ऐसी हो चुकी है कि उनका झूठ भी अब काम नहीं कर रहा है। वे एआई की मदद से मेरे चेहरे का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो बनाकर अपनी मोहब्बत की दुकान में बेच रहे हैं।

## पूर्व सीएम शिवराज के पक्ष में सभा करने पहुंचे सीएम मोहन यादव, कांग्रेस पर जमकर बोला हमला



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग के लिए मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ पार्टियों के चुनाव प्रचार में भी तेजी आ गई है। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव लगातार संसदीय सीटों पर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदिशा संसदीय क्षेत्र के रायसेन जिला अंतर्गत बेगमगंज कस्बे में पूर्व सीएम शिवराज के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विदिशा क्षेत्र के लोग सौभाग्यशाली है कि अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शिवराज सिंह चौहान जैसी विभूतियों ने यहां का प्रतिनिधित्व किया। सीएम डॉ. यादव ने विपक्षी दल कांग्रेस और पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधा और बोले कि ये वो लोग हैं, जो राम मंदिर के निर्माण में रोज अड़ंगे लगाते थे। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में देश से आतंकवाद खत्म हुआ, देश में सुशासन स्थापित हुआ और हमारे देश की सीमाएं भी पूर्ण सुरक्षित हैं। पहले सीमाओं पर आए दिन हमले होते थे और भारतीय सैनिकों के सिर काट लिए जाते थे, लेकिन मनमोहन सिंह सरकार एक ही राग अलापती रहती थी कि यह पाकिस्तान की करतूत है, ये पाकिस्तान से हो रहा है। लेकिन जैसे ही केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी और उरी की घटना हुई तथा हमारे सो रहे सैनिकों पर वार हुआ, तो पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने जो बोला वो करके दिखाया और पहली बार ऐसा हुआ कि पाकिस्तान को एक बार नहीं, दो-दो घर में घुसकर मारके दिखाया। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज कांग्रेस के उलटे फैसलों के कारण उनकी हालत ऐसी है कि उनके लोकसभा प्रत्याशी ही कांग्रेस छोडकर भाजपा में आ गए।

## भ्रूण की लिंग जांच से रोक हटे : आईएमए चीफ



**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रमुख आरवी अशोकन ने कहा है कि भ्रूण का लिंग पता करने पर रोक लगाने से कन्या भ्रूण हत्या तो रुक सकती है, लेकिन इससे बच्ची के पैदा होने के बाद उसकी हत्या नहीं रोकी जा सकती है। ये बात अशोकन ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कही।

उन्होंने कहा कि आईएमए मौजूदा प्री-कंसेप्शन और प्री-नेटल डायगनॉस्टिक टेक्नीक एक्ट में बदलाव के लिए एक डॉक्यूमेंट तैयार कर रहा है। मौजूदा कानून भ्रूण के लिंग का पता लगाने के लिए प्री-नेटल डायगनॉस्टिक टेक्नीक पर रोक लगाता है और ऐसा करने वाले डॉक्टर को जिम्मेदार ठहराता है। इसमें हमारी तरफ से एक सुझाव ये है कि क्यों न भ्रूण के लिंग का पता लगाया जाए और फिर कन्या भ्रूण की रक्षा की जाए। अशोकन ने कहा कि एक सामाजिक बुराई के लिए आप मेडिकल सॉल्यूशन पर निर्भर नहीं कर सकते हैं। क्या हमारा सुझाव काम करेगा या क्या ये प्रैक्टिकल है? इस पर बहस करते हैं। अगर आपने सामाजिक बुराई को ठीक नहीं किया, तो कन्या भ्रूण हत्या तो रुक जाएगी लेकिन पैदा होने के बाद बच्चियों को मारा जाना जारी रहेगा।

अशोकन ने कहा कि उनके नजरिए से, पीसी-पीएनडीटी एक्ट को पूरी तरह से तोड़-मरोड़ दिया गया है, ये सिर्फ मौजूदा स्थिति को देखता है और एनजीओ की इसमें बड़ी भूमिका रहती है।

## भारद्वाज बोले- चड्ढा की आंखों की रोशनी जा सकती थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा आंखों की सर्जरी कराने लंदन गए हैं। राघव की आंखों में कॉम्प्लिकेशन आ गया था। मुझे बताया गया था कि यह बेहद गंभीर है और अगर समय रहते उन्हें ट्रीटमेंट नहीं दिया गया तो उनकी आंखों की रोशनी जाने की भी संभावना थी। भारद्वाज ने कहा कि मैं उनके जल्दी ठीक होने की उम्मीद करता हूं। जैसे ही वे ठीक हो जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि से माफीनामे की ओरिजिनल कॉपी मांगी

### रामदेव-बालकृष्ण को अगली पेशी से छूट दी, आईएमए अध्यक्ष का मीडिया इंटरव्यू मंगवाया



**नई दिल्ली।** पतंजलि विज्ञापन केस में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में करीब डेढ़ घंटे सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच में रामदेव और बालकृष्ण पांचवीं बार पेश हुए। पतंजलि की ओर से मुकुल रोहतगी और बलबीर सिंह ने पैरवी की। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता पेश हुए। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी आज की सुनवाई में शामिल हुआ। सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने पतंजलि के वकील को ओरिजिनल माफीनामा (न्यूज पेपर्स की कॉपी) की जगह ई-फाइलिंग करने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- बहुत ज्यादा कम्युनिकेशन गैप है। कोर्ट ने इस पर ऐतराज जताया और कहा कि ये जानबूझकर किया जा रहा है। पतंजलि के वकील ज्यादा स्मार्ट हैं। पूरा न्यूज पेपर फाइल किया जाना था। कोर्ट ने पतंजलि पर समय पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर उत्तराखंड सरकार को भी फटकारा। साथ ही आईएमए प्रमुख के एक दिन पहले दिए इंटरव्यू को रिकॉर्ड में लेने को कहा। कोर्ट ने पतंजलि को इजाजत दी कि वो अपने माफीनामे वाले विज्ञापन का अखबार पेश कर सके। ई-फाइलिंग और कटिंग्स की इजाजत नहीं दी गई। अगली सुनवाई के लिए बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने से छूट दे दी गई।

## वोट जिहाद पर सलमान खुर्शीद और भतीजी पर एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** मुसलमानों से वोट जिहाद की अपील करने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम खां पर केस दर्ज हो गया है। मारिया ने सोमवार को फर्रुखाबाद में कहा था- मुसलमानों के सामने मौजूदा हालात में वोट जिहाद जरूरी है। अगर हम एक नहीं हुए, तो समझ लेना यहां से नामोनिशान मिट जाएगा। संघी सरकार हमें मिटाने की कोशिश कर रही है।

### कर्नाटक सेक्स स्कैंडल

## एसआईटी जांच तक प्रज्वल पार्टी से सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में आरोपी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रज्वल के चाचा एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को जनता दल (सेक्युलर) कोर कमेटी की बेंगलुरु में मीटिंग की।

मीटिंग में प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड करने का फैसला हुआ। प्रज्वल हासन से पार्टी के मौजूदा सांसद और लोकसभा के कैंडिडेट भी हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। कुमारस्वामी ने कहा प्रज्वल का सस्पेंशन एसआईटी जांच पूरी होने तक है। मैंने गलत करने वाले का कभी बचाव नहीं किया, लेकिन इस विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम लेना गलत है। कांग्रेस हमारे परिवार में फूट डालने की कोशिश कर रही है।

कर्नाटक सरकार ने सेक्स स्कैंडल केस में प्रज्वल के खिलाफ जांच के लिए एडीजी बीके सिंह के नेतृत्व में आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है।

## अमित शाह फेक वीडियो केस, अहमदाबाद से 2 गिरफ्तार

### तेलंगाना सीएम समेत 8 राज्यों के 16 लोगों को समन, कल दिल्ली में पेश होंगे



**अहमदाबाद।** अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा आप कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी 7-8 राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में आईएफएसओ यूनिट में पेश होना होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से 6 लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं, जिनमें मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को संबंधित दस्तावेज और सबूत के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल-लैपटॉप) लाने को कहा है। फेक वीडियो को लेकर मंगलवार 29 मई को गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने उनका फेक वीडियो बनाकर वायरल किया, वह जनता को गुमराह कर रही है। शाह ने असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ओरिजिनल और फेक वीडियो प्ले किया। गृह मंत्री ने कहा, दूध का दूध पानी का पानी हो गया है। हमारी पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में है। इन समुदायों के आरक्षण पर अगर किसी ने डाका डाला है तो वह कांग्रेस पार्टी ने डाला है। फेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। भाजपा ने देशभर में एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है।

## नौसेना के नए चीफ बने दिनेश त्रिपाठी



**नई दिल्ली।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार (30 अप्रैल) को नेवी के 26वें चीफ के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार की जगह ली है। पदभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के स्पेशलिस्ट माने जाने वाले एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अब तक नेवी के वाइस चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलेप हुई है। इसके लिए मैं नौसेना के सभी पूर्व प्रमुखों का धन्यवाद करता हूं।

### झरोखा




## चार धाम यात्रा पहली बार श्रद्धालुओं की संख्या सीमित



**देहरादून।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। इसके लिए अब तक 19 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोग पहुंचे थे, इसलिए कई बार व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। इसी से सबक लेते हुए उत्तराखंड पुलिस और पर्यटन विभाग ने पहली बार चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या सीमित कर दी है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के मुताबिक एक दिन में 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम, 16 हजार लोग बद्रीनाथ धाम, 9 हजार श्रद्धालु यमुनोत्री तो 11 हजार लोग गंगोत्री में दर्शन कर सकेंगे। यानी चारों धाम में रोजाना 51 हजार लोग दर्शन करेंगे। पिछले साल रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे। ऋषिकेश के बाद यात्रियों को रोकने के लिए बैरियर कस्बे तय किए हैं। अगर कोई बद्रीनाथ जाना चाहता है तो उन्हें सबसे पहले श्रीनगर में रोका जाएगा। अगर दिन के 15 हजार की संख्या पूरी हो गई है तो श्रद्धालुओं को यहीं रात बितानी होगी। अगले दिन रुद्रप्रयाग, फिर चमोली, पीपलकोटी और जोशीमठ में यही प्रक्रिया रहेगी यानी जब नंबर आएगा, तभी आगे बढ़ सकेंगे। केदारनाथ धाम के श्रद्धालु भी श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ, गौरीकुंड में रोककर ही आगे बढ़ाए जाएंगे।

## 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे: राहुल



**भिंड।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज मध्यप्रदेश के भिंड में हैं। वे यहां एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। राहुल ने हाथ में संविधान लेकर कहा, ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है, इस किताब के कारण मिला है। अब पीएम ने अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे।

ये मामूली चुनाव नहीं है। इस चुनाव में दो विचारधाराओं की टक्कर है। एक तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन है, जो संविधान को बचाने की कोशिश कर रहा है। राहुल ने हाथ में संविधान लेकर कहा, ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है, इस किताब के कारण मिला है। अब पीएम नरेंद्र मोदी ने अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे। बीजेपी चाहती है, देश को 20-25 अरबपति चलाएं।

दुनिया में कोई शक्ति नहीं है, जो इसको बदल सके। ये हिंदुस्तान के लोगों की आत्मा है। कांग्रेस और आंबेडकर ने हिंदुस्तान की जनता से मिलकर लड़ाई की और से संविधान बनाया। इसको ऐसे मिटने नहीं देंगे। आप आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं तो प्राइवेटाइजेशन क्यों किया। अग्निवीर योजना क्यों लाए? आप अरबपतियों का कर्जा माफ करते हो। 16 लाख करोड़ रुपया, 22-25 लोगों का नरेंद्र मोदी जी ने माफ किया है। मैं पूछता हूं, कितने मजदूरों का कर्जा माफ किया। 22 लोग हैं, बीजेपी के मित्र। नरेंद्र मोदी से मिलते हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में सारे वहां बैठे थे।आपने वहां किसी गरीब को देखा। वहां हजारों करोड़ वाले लोग थे। वहां, बॉलीवुड वाले थे, क्रिकेट टीम थी, मगर एक किसान नहीं दिखा। दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। रेलवे देखो अडाणी, सोलर पावर देखो अडाणी। किसान जानता है, हमारे जेब से पैसा निकालने की कोशिश हो रही है। मोदी कहते हैं आतंकवादी है। ये हालत है देश की। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हर युवा ये बात जानता है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है।

महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना होगी, हम सीधे बैंक अकाउंट में पैसा डालेंगे। हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। साल में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। हर महीने 8,500 रुपये हर महीने एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी। अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी, जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।

30 सरकारी लाख पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे। सेना में युवा जाते हैं।सबसे ज्यादा भिंड से। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरा जिसे ये नहीं मिलेंगे। एक को जवान दूसरे को अग्निवीर कहते हैं।

# पेयजल आपूर्ति की कलेक्टर हर सप्ताह समीक्षा करें : कमिश्नर

## हर बसाहट में 30 जून तक पेयजल आपूर्ति की तत्काल कार्ययोजना बनाएं : कमिश्नर

**सीधी।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा संभाग सबसे कम औसत वर्षा वाला संभाग है। संभाग के सभी जिलों में भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। तापमान बढ़ने और जल स्तर घटने से कुछ स्थानों में पेयजल का संकट हो सकता है। सभी कलेक्टर हर बसाहट में 30 जून तक पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना तत्काल बनाकर प्रस्तुत करें। आवश्यक होने पर इसमें पेयजल परिवहन की मांग को भी शामिल करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार की प्रतिदिन समीक्षा करें। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में पेयजल आपूर्ति की अनिवार्य रूप से समीक्षा करें। हमें हर बसाहट में हर हाल में पेयजल उपलब्ध कराना है।



कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी जिलों के लिए आवश्यक हैण्डपंप के राइजर पाइप का प्रस्ताव दो दिवस में शासन को प्रेषित करें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ हैण्डपंपों में सिंगल फेज के मोटर तत्काल लगवाएं। सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में हैण्डपंपों के सुधार के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ टीम तैनात रखें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाएं। इसमें प्राप्त सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करें। संभाग के तीनों नगर निगमों में पेयजल के स्त्रोत पर्याप्त हैं। आयुक्त नगर निगम पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मैहर, अमरपाटन तथा रामनगर नगर परिषदों में एक दिन के अंतराल से पानी दिया जा रहा है। इन नगर परिषदों में जहाँ आवश्यक हो वहाँ टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि गत वर्ष संभाग के सभी जिलों में 30 अप्रैल को भूजल का जो स्तर था इस वर्ष वह लगभग 10 मीटर नीचे है। बाणसागर बांध से रीवा और सतना जिले के कई क्षेत्रों को पानी की आपूर्ति होती है। नहरों के माध्यम से दिए जा रहे पानी के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर पाँच जनवरी और 12 फरवरी को आयोजित संभागीय समीक्षा बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन एक मई को शाम 5 बजे तक दर्ज कराएं। जिला स्तर के बिन्दु कलेक्टर लॉगिन से तथा संभाग स्तरीय बिन्दु कमिश्नर लॉगिन से पोर्टल पर दर्ज होंगे। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीधी एनआईसी कक्ष से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, कार्यपालन यंत्री लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग त्रिलोक सिंह बडकडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

## संपत्तिकर एवं जलकर के अधिभारों में छूट दी जावेगी

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 11 मई 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा व्यवहार न्यायालय चुरहट, मझौली तथा रामपुर नैकिन में किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन राशि वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, श्रम न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों सिविल प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन प्रकरणों नगर पालिका से संबधित जलकर एवं संपतिकर बैकों के ऋण वसूली प्रकरण, विद्युत विभाग से प्रीलिटिगेशन प्रकरण का निराकरण भी नेशनल लोक अदालतों के माध्यम से किया जावेगा। नगरीय निकाय के अंतर्गत संपत्तिकर एवं जलकर के अधिभारों में छूट दी गई है। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये बकाया है उसमें अधिभार पर 100 प्रतिशत, 50 हजार से अधिक तथा एक लाख रूपये बकाया होने पर 50 प्रतिशत एवं एक लाख से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये बकाया है उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर अधिभार में 75 प्रतिशत एवं 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2023-2024 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी तथा छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा करवाई जा सकेगी जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करवाना अनिवार्य होगा।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी ने अपील की है कि दिनांक 11 मई 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विवाद विहीन समाज की संकल्पना में न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करे।

## भू-अर्जन की समीक्षा बैठक आयोजित

# नियमानुसार कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करें : सोमवंशी



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा रेलवे, लोक निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग के विभिन्न कार्यों के भू-अर्जन के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने भू-अर्जन की समस्त कार्यवाहियां विभागीय समन्वय से नियमानुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक है कि भू-अर्जन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो। इस कार्य में संबंधित निर्माण एजेन्सी तथा भू-अर्जन अधिकारी के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित निर्माण एजेन्सी एवं भू-अर्जन अधिकारी प्रत्येक सप्ताह बैठक कर प्राथमिकता निर्धारित करें तथा क्रमबद्ध तरीके से आ रही कठिनाइयों को दूर करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आगामी 15 दिवस में सभी परियोजनाओं के भू-अर्जन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रशांत कुमार त्रिपाठी, गोपद बनास प्रिया पाठक सहित संबंधित निर्माण एजेन्सी के अधिकारी उपस्थित रहें।

# पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए विभागीय समन्वय आवश्यक : कलेक्टर

## पौधरोपण महा अभियान के लिए अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में पौधरोपण महा अभियान के लिए अंतविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए पौधों को लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा करना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के लिए संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है लेकिन आपसी समन्वय में कमी के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते है। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण महाअभियान की सफलता के लिए आवश्यक है कि उसे लोगों



की आजीविका से जोड़े। इसके लिए क्लस्टर आधारित एप्रोच को अपनाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य योजनाएं बनाएं, जो दूसरे विभागों की योजना के लिए पूरक का कार्य करें। इससे हमारे अभियान की सफलता की संभावनाएं बढ़ेगी तथा परिणाम भी अपेक्षित होंगें।

कलेक्टर ने शासकीय भूमि में पौधरोपण के साथ-साथ हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि कार्ययोजना बनाने के बाद हितग्राहियों को उसके विषय में जागरूक करें तथा जिले के प्रगतिशील किसानों को इस अभियान में सहभागी बनाएं। फलदार पौधों का चयन इस प्रकार करें जो कृषकों के लिए लाभप्रद हो तथा लागत भी कम आए।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी क्षितिज कुमार द्वारा राष्ट्रीय बांस मिशन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि यह किसानों के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद है इसमें उन्हे 120 रूपये प्रति पौधा शासन द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इसके लिए किसान को 50 से 5000 पौधे लगाने होंगे तथा आनलाइन पंजीयन कराना होगा। उन्होने नगर वन उद्यान योजना के विषय में भी विस्तारपूर्वक बताया।

बैठक में नरेगा तथा वाटरशेड योजना के तहत किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी गई। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, मझौली आर.पी. त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# वार्डवासियों की समस्या के निराकरण हेतु वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे : शर्मा

## निगम आयुक्त ने की समय अवधि पत्रों की समीक्षा

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा नवाचार करते हुए अब से हर मंगलवार को निगम कार्यालय में समयावधि बैठक आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में निगम आयुक्त के द्वारा विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने विभाग संबंधित सभी कार्यों को तत्परता के साथ समय में पूरा करें।

उन्होने नगरीय क्षेत्र में चले रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सभी जोनो के



सहायक एवं उपयंत्री निर्माण कार्यो की निरंतर मानीटरिंग करते रहे और निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करे। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में अगर गुणवत्ता की कमी मिली तो संबंधितो की जिम्मेदारी तय कर उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा की निगम के सभी कर्मचारियो की मेहनत और तत्परता के कारण ही पिछले माह सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम सिंगरौली पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर रहा। इस उपलब्धि के लिए निगुमायुक्त ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सभी को इसी तरह से आगे भी कार्य करना है। पेयजल की समीक्षा करते हुये निगमायुक्त ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुते वार्ड वासियो को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए उचित प्रबंध किया जाये। जहा पर पेयजल की सप्लाई नही हो पा रही या हैन्डपम्पो से पानी नही निकल रहा वहा टैंकरो के माध्यम से पेयजल उपलंब्धता सुनिश्चित कराये। उन्होंने नगर की साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि नगर की साफ सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। वार्डो में कचरा उठाने के लिए गाड़िया समय पर पहुचे साथ ही वार्ड की नाले-नालियो की सफाई कराई जाये।

# खनिकों के सम्मान में एनसीएल आज आयोजित करेगी खनिक अभिनंदन दिवस 2024

**सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) बुधवार (1 मई) को खनिक अभिनंदन दिवस 2024 का आयोजन कर रही है। एनसीएल स्टेडियम सिंगरौली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि और निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, मुख्य




सतर्कता अधिकारी रविंद्र प्रसाद, कंपनी जेसीसी सदस्य एवं सीएमओएआई प्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 9:30 बजे एनसीएल मुख्यालय में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीद कोयला योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । इसके बाद एनसीएल सीएमडी के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही श्रमिक मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कंपनी मुख्यालय के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन शाम साढ़े चार बजे सिंगरौली स्थित एनसीएल स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मानकों पर एनसीएल की उत्कृष्ट परियोजनाओं व इकाइयों एवं कर्मियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## कन्या विद्यालय देवसर की छात्राओ ने मारी बाजी

# मेधावी छात्राओं को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**सिंगरौली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 24 अप्रैल को 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर की छात्रा पिंकी बैस कक्षा 12 कला समूह में 92प्रतिशत तथा पायल पटवा गृह विज्ञान समूह में 83 प्रतिशत जिले की मेरिट में पहले स्थान पर हैं। विद्यालय की मेरिट सूची में 12वीं कला समूह में वंदना वैश्य 90 प्रतिशत दूसरे स्थान पर तथा प्रियंका पटेल 89प्रतिशत तीसरे स्थान पर हैं। विज्ञान संकाय में प्रियंका पाठक 91 प्रतिशत प्रथम, नेहा चतुर्वेदी 90 प्रतिशत द्वितीय एवं रक्षा पाठक 87 प्रतिशत ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर शिवानी गुप्ता 79 प्रतिशत दूसरे स्थान पर खुशी द्विवेदी 75प्रतिशत एवं तीसरे स्थान पर स्वीटी केसरी हैं। कक्षा दसवीं में विद्यालय की मेरिट सूची में प्रतिष्ठा तिवारी 92प्रतिशत प्रथम स्थान पर, स्नेहा मिश्रा 91 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर तथा राशी शुक्ला 86 प्रतिशत तृतीय स्थान पर हैं। इन सभी प्रतिभावान छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य कमलेंद्र प्रसाद द्विवेदी द्वारा विद्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवसर, उत्कृष्ट विद्यालय देवसर, मॉडल स्कूल देवसर एवं हाई स्कूल ढोंगा के प्राचार्य उपस्थित हुये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्राओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

# अदाणी फाउंडेशन द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं माताओं के लिए किलकारी कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** माडा तहसील अंतर्गत बंधौरा गांव स्थित महान इनर्जेन लिमिटेड के पड़ोस के गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं उसके बच्चे की सुरक्षा को लेकर किलकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य लाभार्थियों को सीधे गर्भावस्था, प्रसव और शिशु देखभाल के बारे में संदेश देकर उन्हें नवजात शिशु की देखभाल हेतु स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान उन्हें इन तमाम बातों की जानकारी दी जा रही है कि गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या ध्यान रखना है। उसे कौन से टीके लगवाने हैं। बच्चे की सुरक्षा को लेकर क्या करना है इत्यादि।अदाणी फाउंडेशन द्वारा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में



गर्भवती महिलाओं और माताओं को स्वस्थ शिशु से जुड़ी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला । खैराही, करसुआराजा, नगवा एवं करसुआलाल में आयोजित किलकारी कार्यकर्ताओं में अब तक 300 से ज्यादा गर्भवती महिलाओं एवं अन्य माताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनके समाधानों के बारे में उचित जानकारी दी गयी है।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर के माध्यम से मुख्य प्रशिक्षक आशा सुपरवाइजर श्रीमती प्रेमलता जायसवाल के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का जवाब दिया गया एवं अन्य जरूरी जानकारियां दी गयी। स्थानीय ग्रामीण अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे किलकारी कार्यक्रम की सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस पहल से सुदूर गांव की गर्भवती महिलाओं एवं अन्य माताओं को काफी लाभ मिल रहा है अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से ज्यादा सजग हो रही हैं। कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जागरूकता को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवालों के सही जवाब देनेवाली प्रशिक्षणार्थियों को पुरष्कृत भी किया गया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर सिंगरौली जिला के गांवों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है और अब तक सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से अदाणी फाउंडेशन स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता पैदा करना चाहती है और वैसे जरूरतमंदों की मदद करना चाहती है, जो संसाधन के अभाव में सुदूर गांवों से निकलकर समय पर अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं ताकि काफी संख्या में स्थानीय किशोरियां, महिलाएं, बच्चे और आमलोग लाभान्वित हो सकें।

## संपादकीय

भारत को कठघरे में खड़ा करना नाहक दख़लंदाज़ी

भातीय समाज में इतनी विविधता और कई मायनों में जटिलता है कि उसमें अक्सर टकराव जैसे हालात बन जाते हैं। मगर सरकार बिगड़े हालात को संभालने, शांति कायम करने का हर प्रयास करती है। कभी ऐसा हो सकता है कि कहीं स्थितियां इतनी खराब हो जाएं कि उन्हें ठीक करने में वक्त लगे। भारत सरकार अपनी जवाबदेही को समझती है।अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता।गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं।कुछगिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा? यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को 'बेहद पक्षपातपूर्ण' करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है।विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल स्थितियां पैदा होती हैं, तो उन पर काबू पाने और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार बातचीत सहित अन्य जरूरी तौर-तरीके अपना कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है। भारत अपनी मुश्किलों को दूर करने में सक्षम है और यहां लोकतंत्र की जड़ें इसीलिए गहरी हैं।

# बिहारी राजनीति की पहेली

(शशि शेखर)

ये पंक्तियां बिहार से, क्योंकि हिन्दुस्तान की सियासी बारीकियां समझनी हैं, तो यहां आना ही होगा। बिहार के राजनीतिक थियेटर में इतना उतार-चढ़ाव है कि पता नहीं चलता, कब कौन किरदार कहां से प्रकट हो, कब नेपथ्य में चला जाएगा।

यहां के नेता वायदों और दावों के मामले में उत्साही और सामाजिक परिवर्तन के अगुवा मालूम पड़ते हैं, लेकिन वक्त आने पर वे सत्ता के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं। कमाल यह कि इससे उनके 'वोटबैंक' पर कोई खास असर नहीं पड़ता। यही वजह है कि महागठबंधन तोड़कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनाने में संकोच नहीं किया था। इस पुनर्जन्म पाए गठबंधन ने 2020 का चुनाव साथ लड़ा और जीता, लेकिन नीतीश कुमार 24 महीने में ही एक बार फिर लालू यादव के साथ चले गए।

यह 'स्वाभाविक साझीदारी' से मुक्त होकर 'पुराने परिवार' में वापसी जैसा कोई करतब था।

सब जानते थे कि इस वापसी की भी वापसी होनी है। पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ 'घुटन' महसूस कर चुके नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले फिर भाजपा के साथ सरकार बनाने को राजी हो गए। इन दिनों वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और कहते हैं- 'अब हम कहीं नहीं जाएंगे, यहीं रहेंगे।' उनके पुराने गठबंधन के साझीदार, यानी राष्ट्रीय जनता दल के लोग जवाब में वीडियो जारी करते हैं, जिसमें दूसरे गठबंधन के लिए भी वह लगभग ऐसा ही कहते दिखाए जाते हैं।

भाजपा और राजद भी नीतीश कुमार के साथ सुर बदलते रहे हैं। वे जब उनके साथ होते हैं, तो उनकी सी बोलते हैं और जब 'पाला बदल' आकार ले लेता है, तो उनके बयान पुनः पुरानी खाल ओढ़ लेते हैं। बिहार इस मामले में अकेला ऐसा राज्य है, जहां पिछले दस सालों में मुख्यमंत्री ने चार बार अपने साझीदारों की अदला-बदली की। सवाल उठता है कि भाजपा और राजद पुराने अनुभवों से सबक लिए बिना उनसे जब-तब हाथ क्यों मिला लेते हैं? जवाब आसान है। बिहार के लगभग 7.64 करोड़ वोटरों में आठ से दस फीसदी ऐसे लोग हैं, जो उनका साथ हर हाल में पसंद करते हैं।



ऐसा क्यों है? उत्तर के लिए पीछे लौटना होगा।

सन् 2005 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कई क्रांतिकारी काम किए थे। जिस बिहार में महिलाएं शाम को घर से बाहर निकलने में झिझकती थीं, वहां उन्होंने शहर से गांव तक की लड़कियों को सरकार की ओर से साइकिलें मुहैया कराई थीं। इससे पढ़ाई-लिखाई के लिए लड़कियों ने बाहर निकलना शुरू किया, जिससे समाज के निचले तबके में बदलाव की शुरुआत हुई। पिछले दो दशकों में ऐसी हजारों बालिकाएं आगे आईं, जिन्होंने पढ़-लिखकर नौकरियां हासिल कीं या अपना रोजगार स्थापित किया। जो इन सबसे वंचित रहीं, वे भी साक्षरता की पूंजी लेकर ससुराल गईं। बताने की जरूरत नहीं कि हमारे देश की लड़कियां एक नहीं, दो घरों को संवारती हैं।

यही नहीं, वर्ष 2016 में शराबबंदी के जरिये उन्होंने गांव की गरीब महिलाओं का दिल हमेशा के लिए जीत लिया। हालांकि, इस प्रयोग की आलोचना भी होती है। इसके बाद यहां जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई। इससे मदिरा की तस्करी को भी बढ़ावा मिला और सरकार को राजस्व की भयंकर हानि हुई। यह कानून इतनी कठोरता से बनाया गया था कि लोग उसे 'दानवी' बताने लगे। विरोध पनपता देखकर इसकी धाराओं में कुछ ढील दी गई, पर अभी भी वे कछुए के कवच की भांति कठोर हैं।

घर-घर बिजली और हर घर नल-जल जैसी योजनाएं मूलतः नीतीश कुमार के दिमाग की उपज थीं। बिहार की कानून-व्यवस्था और सड़कों के सुधार में भी उनका अनूठा योगदान रहा है। उनके विपक्षी दावा करते हैं कि पिछली बार के पाला बदल ने उनकी छवि को सांघातिक चोट पहुंचाई है। उनके कुछ बयानों पर पिछले दिनों जमकर बवंडर भी हुआ। मौजूदा चुनाव उनके प्रति मतदाता के रुख-रवैये का सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है।

यहां तेजस्वी यादव का उल्लेख करना जरूरी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में वह महागठबंधन के अगुवा थे। उनके भगीरथ प्रयासों से बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरा था। यह बात अलग है कि पिछले दिनों उनके पांच विधायकों ने पाला बदल लिया। न जाने क्यों, राजद ने इसकी कोई आधिकारिक शिकायत विधानसभा अध्यक्ष के यहां दर्ज नहीं कराई और वे सत्ता पक्ष के साथ बैठने लगे। अब भारतीय जनता पार्टी 85 विधायकों के साथ सदन में सर्वाधिक संख्या रखती है।

बताने की जरूरत नहीं कि भाजपा सोच-समझकर सियासी दांव खेलती है। उसे मालूम है कि कब किसको दोस्त बनाना है और किसको मंझधार में छोड़ देना है। पासवान परिवार इसका जीवंत उदाहरण है। 2020 के चुनाव से ऐन पहले रामविलास पासवान की मृत्यु हो गई थी। उनके पुत्र चिराग पासवान और अनुज पशुपति कुमार पारस में विरासत की लड़ाई थी। पारस को केंद्रीय मंत्रिमंडल में ले लिया गया और वह छह में से पांच सांसदों को तोड़कर सत्ता-सुख के भागीदार हुए थे। नतीजतन, खुद को 'मोदी का हनुमान' बताने वाले चिराग निस्संग रह गए थे। मौजूदा चुनावों से पहले भगवा दल ने एक बार फिर उन्हें वरीयता दी और अब पारस अकेले हैं। कमाल यह कि इसके बावजूद न चिराग ने कभी एनडीए से नाता तोड़ा था, न पारस ऐसा कर रहे हैं।

एनडीए से भीतर-बाहर होने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी शामिल हैं। वह समय के साथ पाला बदलते रहे हैं, जिसका उन्हें भरपूर लाभ मिला है। कभी नीतीश कुमार के अनुयायी रह चुके मांझी अब एनडीए के साथ हैं। वह गया से उम्मीदवार भी हैं। देखना होगा कि मतदाता उनके बार-बार पाला बदल को कैसे लेते हैं? इस बार उन्हें साथ लेने वाले एनडीए का उनकी जाति के मतों से कितना फायदा होता है?

भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी समझदारी से प्रदेश के जातिगत समीकरणों को साधा है। इसके बावजूद उसके सारे उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के सहारे वैतरणी पार होने का मनसूबा बांधे हुए हैं। मोदी यहां भी सर्वाधिक आकर्षक नेता हैं, पर एनडीए को इंडिया ब्लॉक से कड़ी चुनौती मिल रही है। पहले चरण में जिन चार सीटों पर मतदान हुआ, वहां हिंदी पट्टी के अन्य प्रदेशों की भांति मत प्रतिशत लगभग पांच फीसदी कम रहा। इसने एनडीए को और सजग कर दिया है।

बिहार के लोग यकीनन सियासी तौर पर संवेदनशील हैं, मगर जातियों को लेकर उनके आग्रह, दुराग्रह की हद छूते नजर आते हैं। ऐसे में, 2014 और 2019 की भांति एनडीए अपना जादू बरकरार रख पाएगा या फिर से मुखर हो चले जातीय समीकरण कोई नया गुल खिलाएंगे? ऊपर से देखने पर चाणक्य और चंद्रगुप्त की इस धरती पर उदासीन सन्नाटा पसरा दिखता है, मगर हर बिहारी के मानस में इस वक्त यही सवाल गूंज रहा है।

# सागर के खारे पानी को हम बड़े पैमाने पर बनाएंगे मीठा

(निरंकार सिंह, पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोष)

भारत सहित दुनिया के कई इलाकों में पेयजल का भयानक संकट पैदा हो गया है। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन को दुनिया का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। वहां की सरकार ने 14 अप्रैल को 2023 के बाद पानी की आपूर्ति करने में असमर्थता दिखाई है। वहां नहाने पर रोक लगा दी गई है। दस लाख लोगों के कनेक्शन काटने की तैयारी चल रही है। हाल ही में शिमला और तमिलनाडु के दक्षिण पूर्व में स्थित रामनाथपुरम जिला खारे पानी और भूजल स्रोतों की किल्लत के कारण चर्चा में रहा है, पर बीते साल से ही यहां 20 हजार लीटर पेयजल प्रतिदिन संशोधित किया जा रहा है। इसके लिए 'सोलर थर्मल ऑस्मोसिस वॉटर डिस्टलाइजेशन सिस्टम एफओ' की स्थापना की गई है। इस तकनीक को आईआईटी, मद्रास और इंपीरियल के जीडीएमजी ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

जल तकनीक से संचालित इस तकनीक को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी ने भी सहायता प्रदान की है। भारत के वैज्ञानिकों ने समुद्र के खारे पानी को पीने योग्य बनाने की स्वदेशी तकनीक विकसित कर ली है। इस संयंत्र को लक्षद्वीप में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। संयंत्र की क्षमता हर दिन एक लाख लीटर पीने योग्य पानी बनाने की है। देश के तटीय इलाकों में पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन पीने योग्य नहीं है। हम समुद्र के खारे पानी को बड़े पैमाने पर पीने योग्य कैसे बनाएं? इजरायल उन देशों में एक है, जिन्होंने समुद्री जल को पेयजल बनाने में महारत हासिल की है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान की मदद से आईआईटी मद्रास के वैज्ञानिकों ने समुद्र के पानी को पीने योग्य पानी में बदलने के साधन खोजने के लिए निरंतर शोध किए गए हैं, जो पीने, खाना पकाने व अन्य व्यक्तिगत उपयोग के लिए उपयुक्त हो सकता है। समुद्र के खारे पानी को एलटीटीडी तकनीक के जरिये पीने लायक बनाया जाता है। इस तकनीक में प्राकृतिक तरीके से समुद्र के पानी को गरम कर खारेपन को अलग किया जाता है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो खारे पानी से खनिज घटकों को हटा देती है। एलटीटीडी तकनीक को लक्षद्वीप के लिए उपयुक्त पाया गया है। इजरायल ने यह तकनीक भारत को दी थी। साल 2018 में जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भारत आए थे,



तब उन्होंने गुजरात में मोबाइल वाटर डिसैलिनेशन जीप उपहार के तौर पर भारत को दिया था। यह जीप खारे पानी को मीठा बनाती है। इस तकनीक पर इजरायल की कंपनी गेल वाटर टेक्नोलॉजी का पेटेंट है। इस तकनीक को गेलमोबाइल कहा जाता है। एक दिन में यह मोबाइल प्लांट (जीप) 20 हजार लीटर समुद्र के खारे पानी को साफ कर सकता है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, इसमें 80 हजार लीटर से ज्यादा काले, मटमैले और गंदे पानी को पीने लायक बनाने की क्षमता है।

क्या हम इसी तकनीक का उपयोग बड़े पैमाने पर कर सकते हैं? समुद्री या खारे पानी को लवण व खनिज से मुक्त करने की प्रक्रिया डिसेलिनेशन कहलाती है। इस प्रक्रिया में काफी खर्च आता है। चेन्नई में पानी की मांग करीब 1,100 एमएलडी है, पर प्राकृतिक स्रोतों से केवल 850 एमएलडी पानी ही मिल पाता है। चेन्नई के समुद्र तट पर दो विलवणीकरण अर्थात डिसेलिनेशन संयंत्र काम कर रहे हैं और दोनों की क्षमता 100 एमएलडी है। ऐसे दो और संयंत्रों पर काम चल रहा है, जो अगले तीन वर्षों में 550 एमएलडी समुद्री पानी का डिसेलिनेशन करने में सक्षम होंगे। अभी 100 लीटर समुद्री जल से 40 लीटर पेजयल बनाया जा सकता है।

एक बड़ी समस्या है कि खारे पानी को मीठे पानी में बदलने के लिए एक तो काफी मात्रा में ऊर्जा खर्च होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत देश में कुछ एलटीटीडी की स्थापना की गई है, जो कवारत्ती, मिलीकॉय, अगत्ती, लक्षद्वीप में स्थापित है। इनकी प्रौद्योगिकी पूरी तरह से घरेलू व पर्यावरण अनुकूल है। प्रत्येक एलटीटीडी संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन एक लाख लीटर समुद्री जल शुद्ध करने की है। ध्यान दीजिए, इस तकनीक से एक लीटर मीठा पानी बनाने में 19 पैसे का खर्च आता है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5356

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| 9 | | 10 | | ■ | ■ | 11 | |
| | ■ | | ■ | 12 | | ■ | ■ |
| 13 | 14 | | 15 | | ■ | 16 | 17 |
| 18 | | ■ | 19 | | 20 | | |
| ■ | 21 | | | ■ | 22 | | |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारत की इस प्रथम महिला आई.पी.एस.अधिकारी का जन्मदिवस है (09 जून 1949)(5)
5. सिर के बाल झड़ने का रोग (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
8. गानवृंद, गायक दल (5)
9. वर्षा के समान गिरना, क्रुद्ध होना (4)
11. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
12. गेंहू, जौ आदि पौधे के डंठलों के छोटे टुकड़े जो पशु भोजन के रूप में इस्तेमाल होती है (2)
13. डायरी जिसमें दैनिक कार्यों का विवरण लिखा जाता है (5)
16. उम्मीद, वस्तु आदि पाने का अल्पनिश्चय (2)
18. मथुरापति कंस के मल्ल का एक नाम, भाला (3)
19. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
21. पगश्रृंगार, पायजेब (3)
22. पुनीता, पवित्रा (3)
23. दृश्य (2)
24. व्यतीत होना, फल (3)

ऊपर से नीचे

1. पुस्तक विक्रेता को यह भी कहा जाता है (3)
2. दौड़ने वाला (अंग्रेजी)(3)
3. पराया, गैर आदमी, अनजान (3)
4. दयनीय दशा या अवस्था वाला (2)
5. यह नदी गंगा की सहायक नदी है (3)
6. महान, पूज्य, मोहतरम (3)
10. अंदर भरना, गुंजाईश होना (3)
12. भूकंप, जलजला, भूडोल (3)
16. कलेवा, नाश्ता (4)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. आने वाला, भविष्य में होने वाला (3)
17. दुर्गा, माता सरस्वती का एक नाम (3)
20. प्रवाहित होना, जल प्रवाह होना (3)

### वर्ग पहेली 5355 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | ल | इ | डि | या | रे | डि | यो |
| स्क | ■ | त | ■ | क | ज | ■ | ग |
| र | म | जा | न | ■ | गा | ज | ■ |
| ■ | ह | म | ■ | व | री | य | ता |
| त | त्व | ■ | अ | ली | ■ | कि | ला |
| ■ | पू | ज | क | ■ | ■ | श | ब |
| पू | र्ण | ■ | ब | लि | दा | न | ■ |
| जा | ■ | मौ | र | ■ | वा | ■ | सा |

# किफायती इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेज बढ़ता भारत

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ एलन मस्क भारत आ रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का इंतजार है। चर्चा गरम है कि मस्क भारत में टेस्ला का कारखाना लगाने का एलान करेंगे, जिसमें दो से तीन अरब डॉलर का निवेश होगा। कारखाना लगने में तो वक्त लगेगा, लेकिन भारत में जो लोग टेस्ला की इलेक्ट्रिक कार खरीदने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए तुरंत खुशखबरी आ सकती है। अभी टेस्ला के वाहन खरीदने के लिए कम से कम 70-75 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। कुछ ही समय पहले मुंबई में पुरानी कारों के एक डीलर ने 1.3 करोड़ रुपये में सेकेंड हैंड टेस्ला बेची है। मतलब, दुनिया में इलेक्ट्रिक कारें अभी बहुत महंगी हैं।

मगर पिछले दिनों केंद्र सरकार ने ई-वाहनों की नीति में जो बदलाव किया है, उसके बाद तस्वीर बदल सकती है। अभी तक विदेश से आने वाली इलेक्ट्रिक कारों पर 100 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगती है। यानी, कार का दाम दोगुना होना तय है। मगर अब भारत सरकार पूरी तरह विदेश में बनी कारों के आयात पर सिर्फ 15 फीसदी ड्यूटी लेने को तैयार है। शर्त है कि वह कार कंपनी भारत में कम से कम 4,150 करोड़ रुपये या लगभग 50 करोड़ डॉलर लगाकर कारखाना लगाने का काम शुरू करे। शर्त यह भी है कि तीसरे साल तक कम से कम 25 फीसदी इसके पुर्जे यहीं बनने लगें। एक शर्त यह भी है कि बाहर से बनकर आने वाली कार का दाम 35,000 डॉलर, यानी करीब 30 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मस्क ने ऐसे संकेत दिए भी हैं कि भारत में वह कार का दाम 20 लाख रुपये से शुरू करना चाहते हैं।

पिछले साल जून में एलन मस्क प्रधानमंत्री मोदी से मिले थे। उस बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से कई विभागों को संदेश गए और अब जो नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी आई है, उसने काम आसान कर दिया। अब बिजली की कारों का बाजार गरम होने वाला है। कोरोना महामारी के पहले तक देश में तीन कंपनियों ने कुल चार इलेक्ट्रिक गाड़ियां बाजार में उतारी थीं। पिछले साल तक ही सात कंपनियों की 12 ऐसी गाड़ियां बाजार में आ चुकी थीं। आंकड़ों के हिसाब से अभी टाटा मोटर्स, एमजी मोटर और महिंद्रा इस बाजार में आगे चल रहे हैं।

आज पूरी दुनिया इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना चाहती है। भारतीय शहरों में हवा का हाल देखते हुए हमारे लिए भी यह बेहद जरूरी है। आश्चर्य नहीं, ऑटो बिक्री के आंकड़े दिखाते भी हैं कि 2023-24 में सभी तरह के ई-वाहनों की बिक्री में तेजी दिखी है। सबसे ज्यादा टू-व्हीलर बिके हैं, जिनकी गिनती लगभग 9.5 लाख रही और सालाना बढ़त 30 फीसदी के ऊपर। इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की बिक्री में तो 56 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया और गिनती रही 6,32,636। ई-पैसेंजर व्हीकल या कारों की गिनती 91 फीसदी बढ़कर 90,996 और व्यावसायिक वाहनों की बिक्री में 175.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, हालांकि, यहां गिनती 8,571 ही रही।

ध्यान रहे, केंद्र सरकार साल 2023 तक सारे तीन पहिए वाले वाहनों और 2025 तक सारे दोपहिया वाहनों को बैटरी से चलते देखना चाहती थी। अभी तक 54 प्रतिशत तिपहिए और दोपहिया वाहन ही बैटरी वाले हो पाए हैं। व्यावसायिक या पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाली गाड़ियों में तो यह आंकड़ा एक फीसदी पर भी नहीं पहुंच पाया है, जबकि स्कैंडेनेविया के कुछ देश तो करीब-करीब सारी गाड़ियों को बिजली से चलाने के नजदीक हैं। भारत में केंद्र व राज्य सरकारें अपनी तरफ से रियायतें दे रही हैं और बिजली की गाड़ी पर चलाने का खर्च भी लोगों को लगातार ललचा रहा है। कुछ समय पहले हुए एक अध्ययन में आया कि जहां पेट्रोल पर 50 किलोमीटर का एवरेज देने वाली बाइक पर 50 हजार किलोमीटर चलने का खर्च एक लाख रुपये आएगा, वहीं लगभग वैसी ही ई-बाइक पर सिर्फ पांच हजार रुपये खर्च होंगे।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और भौतिक सुविधाएं बढ़ेंगी। आपके अन्दर भोग विलास बढ़ेगा। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे, यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आज कुछ नए परिवर्तन हो सकते हैं। आगे चलकर आपको लाभ होगा। शाम के वक्त बाहर का खाने से बचें और सेहत का ध्यान रखें।

### वृषभ

आज का दिन लाभपूर्ण होगा और आज आपके लिए सुख के साधनों में वद्धि होगी। आपको आज आलस?य छोड़कर अपने काम समय से पूरे करने का प्रयास करना चाहिए। परिवार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। शाम को आपको करियर के मामले में कोई जरूरी फैसला करना पड़ सकता है। पड़ोसी सहयोग करेंगे।

### मिथुन

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आप में अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी और रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप आज किसी नई कार्ययोजना में निवेश कर सकते हैं। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। शाम के वक?त वाहन खराब होने से आपका खर्च बढ़ सकता है।

### कर्क

आज का दिन लाभपूर्ण होगा। इस समय आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए-नए कार्य पूर्ण होंगे। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ दें तो आज आपकी शान में चार चांद लग सकता है।

### सिंह

आज आपको किसी प्रकार का लाभ और उपहार मिलेगा। आप अपनी शान और शौकत के लिए खर्च करेंगे। अपनी वाक्पटुता और कार्यकुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे। शाम के वक?त आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। देर रात आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी।

### कन्या

आज आर्थिक लाभ होगा और आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होगी। देर रात ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपको आज किसी मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपका भाग?य आज साथ देगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### तुला

आज आपको कुछ मामलों में अपने पसंद का काम करने को मिलेगा। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा और लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

### वृश्चिक

आज दिन मिश्रित फल वाला होगा। आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आ सकते हैं जो कि आपको मजबूरी में करने पड़ सकते हैं। इन खर्च की वजह से आपकी खिन्नता और बढ़ जाएगी। शाम के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

### धनु

आज का दिन सामाजिक कार्य में बीतेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपके स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। खानपान में नियंत्रण रखें और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

### मकर

आज आपको निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका कोई विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें आपकी जीत होगी और सफलता प्राप?त होगी। धन का लाभ होगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर की सेवा के कार्य में आपका मन लगेगा। आपको आज लाभ प्राप्ति के योग हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं से भरा होगा। आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा। आप आज अच?छे कार्य में खर्च करेंगे।

### मीन

आज का दिन सावधानी से हर काम करने का है। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। आप अपनी वाक्पटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहतूत के फल के सेवन से सेहत को अनगिनत फायदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शहतूत के फल का सेवन से सेहत को अनगिनत फायदे पहुंचाता है. इसकी



पत्तियां, फल हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद ही फायदेमंद हैं. क्योंकि इसमें बहुत सारे औषधि गुण मौजूद होते हैं, जिससे यह हमें कई बीमारियों से छुटकारा दिलाता है। भीषण गर्मियां शुरू होने से पहले यानी अप्रैल में इस फल की खूब पैदावार होती है। विशेषज्ञ की मानें तो शहतूत दो प्रकार के होते हैं, एक तो हरे रंग का दूसरा काले रंग का। इसमें बहुत सारे औषधीय गुण होते हैं। शहतूत एक छोटा सा रसीला और स्वादिष्ट फल होता है, जो लाल, काले और सफेद रंग का होता है। इस फल में एंटीऑक्सिडेंट के साथ विटामिन ए, विटामिन-सी, एंथोसायनिन समेत कई अन्य पॉलीफेनोलिक यौगिक भरपूर मात्रा में होते हैं। यह हमें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, अपच, कब्ज, चेहरे की झुर्रियां, अल्सर, पेट संबंधित कई बीमारियों से छुटकारा दिलाता है। अगर किसी का ब्लड शुगर बहुत हाई रहता है, उनको इसकी पत्तियों का रस निकाल करके सुबह-शाम खाना खाने से आधा घंटा पहले सेवन करना चाहिए। यह शुगर लेवल को बहुत ही जल्दी कंट्रोल कर देता है। वहीं अपच, कब्ज, कोलेस्ट्रॉल में भी शहतूत का फल काफी लाभ पहुंचाता है। वहीं अगर पेट संबंधित समस्या है जैसे अल्सर या पेट खराब रहता है, उसमें भी शहतूत फायदा पहुंचाता है।

### आप नेता संजय सिंह ने कहा- लवली ने आप पार्टी गठबंधन में निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्तीफे पर आप नेता संजय सिंह ने कहा कि लवली ने आम आदमी पार्टी के



साथ गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही दिल्ली में इंडिया गठबंधन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। जब सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा रहा था, तो अरविंदर सिंह लवली कांग्रेस से पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे। लेकिन अब वह ऐसा क्यों कह रहे हैं। कोई उन्हें बताए। सूत्रों के अनुसार, अरविंदर सिंह लवली के त्यागपत्र देने व उसे स्वीकार करने के बावजूद अभी उत्तराधिकारी की ताजपोशी नहीं होगी। कांग्रेस आलाकमान लोकसभा चुनाव के बाद ही नए अध्यक्ष की नियुक्ति करेगा। फिलहाल, चुनाव पूरे दमखम से लड़ने और गठबंधन धर्म निभाने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के अलावा प्रदेश के 4-5वरिष्ठ नेताओं की एक कमेटी गठित करने पर विचार किया है। कांग्रेस आलाकमान लवली के संपर्क में हैं और उनसे उनकी नाराजगी के बारे में बात कर रहे हैं। इसी सबके बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर हमला बोला है।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : मुश्किल में पूर्व सीएम के करीबी अधिकारी, टुटेजा से ईडी की पूछताछ जारी




**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले मामले को लेकर पूछताछ का दौर जारी है। ईडी की टीम लगातार शराब मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री के बेहद ही करीब अधिकारी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा से पूछताछ के बाद एक बार फिर कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने टुटेजा को 4 मई तक रिमांड पर भेज दिया है। ईडी का कहना है कि अनिल टुटेजा से हुई पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। ईडी इस मामले में नए सिरे से जांच कर रही है जिसमें अनिल टुटेजा की भूमिका बेहद ही अहम मानी जा रही है। कई सबूत जिसे आमने-सामने बैठकर करनी है चर्चा- ईडी शराब घोटाले मामले को लेकर पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश करने के बाद रायपुर के विशेष अदालत ने टुटेजा को 5 दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। अनिल टुटेजा से ईडी 4 मई तक मामले में पूछताछ करेगी। इस पूरे मामले को लेकर ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने बताया कि कोर्ट ने दोनों पक्ष के तर्क सुनने के बाद अनिल टुटेजा की रिमांड बढ़ाई है। सौरभ पांडे ने कहा कि टुटेजा से पूछताछ में कई हम सबूत मिले हैं। जिसके तथ्य हमारे पास मौजूद हैं, इस विषय पर आमने-सामने बैठकर चर्चाएं करनी है। इस पूरे कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले मामले को लेकर ईडी की पहले रेड की कार्रवाई की बाद में कई आरोपित से पूछताछ की गई। जिसके बाद उन्हें ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया था। बाद में सभी आरोपियों को जमानत मिल गई। इसके बाद एसीबी मामले की जांच नए सिरे से शुरू कर दी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग का केस मामले से खत्म करने के बाद ईडी ने इस पूरे मामले में नई एफआईआर दर्ज करते हुए दूसरी तरफ मामले की नए सिरे से जांच कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट में बोली मुस्लिम युवती- साहब मुझे हिंदुओं जैसा संपत्ति का अधिकार चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के सामने कई बार चौंकाने वाले मामले आते हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली खंडपीठ के सामने एक ऐसी अर्जी आई, जिसमें एक मुस्लिम युवती ने यह कहते हुए भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत संपत्ति बंटवारे का निर्देश देने की मांग की थी कि वह इस्लाम नहीं मानती है। महिला का तर्क था कि वह भले ही मुस्लिम परिवार में जन्मी है लेकिन उसकी आस्था अब इस्लाम धर्म में नहीं है। इसलिए उसकी पैतृक संपत्ति का बंटवारा शरिया कानून के तहत ना होकर भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत करने का निर्देश दिया जाय।खंडपीठ में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी थे।



महिला के वकील के तर्कों को सुनने के बाद तीनों जजों की बेंच ने उस पर गहन विचार-विमर्श किया और इस नतीजे पर पहुंची कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इसके बाद सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में एमिकस क्यूरी बहाल करने का निर्देश दिया, जो अदालत को कानूनी और तकनीकी पहलुओं से परिचित करा सके। इस मामले की अगली सुनवाई अब जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित है।याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारतीय उत्तराधिकार कानून मुस्लिम धर्म में जन्मे व्यक्तियों को धर्मनिरपेक्ष कानून का लाभ उठाने से रोकता है, भले ही वे शरीयत कानून की धारा 3 के तहत औपचारिक रूप से ये घोषणा करें कि वे अब इस्लामी कानून का पालन नहीं करना चाहते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय उत्तराधिकार कानून की धारा 58 में कहा गया है कि यह मुसलमानों पर लागू नहीं होता है। भले ही आप शरिया अधिनियम के तहत घोषणा न करें, वसीयत आदि पर कोई धर्मनिरपेक्ष अधिनियम नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि जब आप शरियत भी नहीं मानेंगे तो फिर आप पर कौन सा नियम लागू होगा यह एक अहम विषय है। इसके बाद सीजेआई ने इस पर एक कानूनी अधिकारी के नियुक्ति का आदेश दिया।

यह रिट याचिका केरल की एक महिला सफिया पीएम ने दायर की है। सफिया केरल में पूर्व-मुस्लिमों (जो मुस्लिम परिवार में जन्में लेकिन अब इस्लाम में आस्था नहीं रखते) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ की महासचिव हैं। अपनी याचिका में सफिया ने एक डिक्लेरेशन दिया कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ से बंधे नहीं रहना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानूनों, विशेष रूप से 1925 के भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत वसीयत और गैर वसीयत उत्तराधिकार के मामलों में अधिकार मिलना चाहिए। महिला ने तर्क दिया कि संविधान का अनुच्छेद 25 उसे किसी भी धर्म में आस्था रखने या न रखने की आजादी देता है। इसके साथ ही उनसे कहा कि उसके में पिता भी इस्लाम में आस्था नहीं रखते हैं इसलिए वह भी शरिया कानून के मुताबिक वसीयत नहीं लिखना चाहते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर आप इसकी घोषणा नहीं करते हैं, तो धारा 3 के तहत आप इस कानून के अधीन नहीं आएंगे।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मैं महिला हूँ, और मेरे भाई को डाउन सिंड्रोम है, उसे 2/3 संपत्ति दी गई है तो क्या मुझे भी वसीयत नहीं की जा सकती है। मेरी एक बेटी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, इसकी हम घोषणा कैसे कर सकते हैं सीजेआई ने कहा, आपके अधिकार या हक आस्तिक या नास्तिक होने से नहीं मिलते बल्कि ये अधिकार आपको आपके जन्म से मिले हैं। अगर मुसलमान के रूप में पैदा होते हैं,तो आप पर मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू होगा। जहां तक आपके पिता का सवाल है तो वह भी धारा-3 से बाध्य हैं। जब तक वह भी घोषणा नहीं करते तब तक वह धारा- 2 से बंधे रहेंगे।

# एक मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है महाराष्ट्र दिवस

**मुंबई, एजेंसी।** एक मई, मई महीने का पहला दिन, दुनिया भर के श्रमिकों, कामगारों को समर्पित है। इसलिए इस दिन को इंटरनेशनल लेबर डे यानी अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। मजदूर दिवस को मजदूर दिवस या मई दिवस के नाम से भी जाना जाता है। श्रमिकों को सम्मान देने के अलावा यह दिन श्रमिकों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने और समाज में श्रमिकों की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से भी मनाया जाता है। किसी भी देश के विकास में श्रम की अहम भूमिका होती है। प्रत्येक कार्य क्षेत्र श्रमिकों की मेहनत पर निर्भर करता है। श्रमिक किसी विशेष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मजदूरों को एक खास दिन कब और कैसे समर्पित किया गया पहली बार मजदूर दिवस क्यों मनाया गया

**यह दिवस पहली बार कब मनाया गया था :** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है। 1889 में पहली बार मजदूर दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिन को मनाने की योजना अमेरिका के शिकागो में शुरू हुई, जब मजदूर एकजुट होकर सड़कों पर उतरे।

**हम मजदूर दिवस क्यों मनाते हैं :** यह आंदोलन 1886 से पहले अमेरिका में शुरू हुआ था। अमेरिकी कर्मचारी सड़कों पर उतर आये. मजदूर अपने हक के लिए हड़ताल पर चले गये. इस आंदोलन का कारण मजदूरों के काम के घंटे थे. उन दिनों मजदूर 15-15 घंटे काम करते थे. प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने मजदूरों पर फायरिंग कर दी. इस दौरान कई मजदूरों की जान चली गई. सैकड़ों मजदूर घायल हो गए.

**मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव :** इस घटना के तीन वर्ष बाद 1889 में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन हुआ। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मजदूर को प्रतिदिन केवल 8 घंटे काम करना होगा। सम्मेलन के बाद 1 मई को मजदूर दिवस मनाने का निर्णय लिया गया. हर वर्ष इस दिन श्रमिकों को छुट्टी देने का भी निर्णय लिया गया। बाद में अमेरिका के श्रमिकों की तरह कई अन्य देशों में भी 8 घंटे काम का नियम लागू हो गया।

**भारत में मजदूर दिवस :** अमेरिका में मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव 1 मई 1889 को लागू हुआ, लेकिन भारत ने 34 साल बाद इस दिन को मनाना शुरू किया। भारत में भी मजदूर उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। मजदूरों का नेतृत्व वामपंथियों ने किया. उनके आंदोलन के मद्देनजर 1 मई 1923 को चेन्नई में पहली बार मजदूर दिवस मनाया गया।

### यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अक्तूबर में शुरू होगी यात्री उड़ानें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अक्तूबर 2024 में यात्री उड़ानें शुरू होने जा रही है। इससे पहले हवाई अड्डे की प्रमुख शहरों से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्गों से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। जेवर में तैयार हो रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 जून तक यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा जबकि हवाई अड्डे से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी के लिए अभी इंतजार करना होगा। दोनों को जोड़ने वाले 31 किमी लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का काम हरियाणा सीमा में शुरू तक नहीं हो पाया है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अक्तूबर में यात्री उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इससे पहले हवाई अड्डे की प्रमुख शहरों से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्गों से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। निर्माणकर्ता कंपनी कि माने तो, यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले इस हिस्से का 80 प्रतिशत काम हो चुका है बाकी को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कर रहा है। इसका 22 किमी का हिस्सा हरियाणा में और 9 किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश की सीमा में तैयार होना बाकि है।

# ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी लग्जरी ट्रेन,28 जून शुरु होगी यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआरसीटीसी की रामायण सर्किट यात्रा की सफलता के बाद 28 जून से देव दर्शन यात्रा के लिए सुपर लग्जरी एसी ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। लग्जरी ट्रेन में एसी-1 के कुपे व केबिन के साथ एसी-2 और एसी-3 श्रेणी के कोच होंगे। ट्रे में ऑनबोर्ड रेस्त्रां होगा। एसी-1 व एसी-2 के तीर्थ यात्री रेस्त्रां में बैठकर नश्ता, खाना, सुबह-शाम चाय-काफी का लुफ्त उठा सकेंगे। जबकि एसी-3 के शिवभक्तों को उनकी बर्थ पर खाना, चाय, नाश्ता आदि दिया जाएगा। भारतीय रेल वाराणसी स्थिति बाबा विश्वनाथ, काशी कॉरिडोर और गंगा आरती के दर्शन के लिए अगले माह से सुपर लग्जरी ट्रेन चलाने जा रही है। रेलवे देव दर्शन यात्रा में बद्रीनाथ, जोशीमठ, सहित देश के कई ज्योतिर्लिंग मंदिरों के दर्शन कराएगी। सुपर लग्जरी ट्रेन में रेस्त्रां महादेव भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। जहां शुद्ध व ताजा शकाहारी नश्ता, भोजन मिलेगा। सभी भक्तों का बीमा और ट्रेन में ऑनबोर्ड सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा।

आईआरसीटीसी के प्रवक्ता ने बताया कि



ई-टिकट के पीएनआर में छह यात्री में से किसी एक यात्री की बर्थ कन्फर्म है और शेष पांच की वेटिंग टिकट होने के बावजूद सभी यात्रियों को रेल यात्री वैकिल्पक बीमा कवर दिया जाता है। नियमतः पीएनआर में एक यात्री के कन्फर्म टिकट पर शेष यात्री वेटिंग टिकट पर यात्रा करने के लिए वैध हैं। यदि पीएनआर में एक भी यात्री का टिकट कन्फर्म नहीं है तो रेलवे सिस्टम स्वतः टिकट रद कर देता है और पैसे उनके बैंक खाते में आ जाता है। जिससे उक्त पीएनआर पर यात्रा नहीं की जा सकती है। इसी प्रकार पांच साल से कम उम्र के बच्चे व आधी टिकट पर सफर करने वाले बच्चों को बीमा कवर दिया जाता है। ये रहा सफर का किराया रेलवे के अधिकारी ने बताया कि देव दर्शन ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग से सफर शुरू करेगी। ट्रेन में गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर से तीर्थ यात्री सवार हो सकेंगे और राजकोट, पालनपुर, अजमेर, रेवाणी से उतर सकेंगे। ट्रेन दिल्ली से जोशीमठ, बद्रीनाथ, ऋषिकेश, वाराणसी, कांचीपुरम, रामेश्वरम, पुणे, नासिक, द्वारकाधीश से होते हुए दिल्ली में आकर समाप्त होगी। 17 दिन की यात्रा में जोशीमठ, ऋषिकेश, काचीपुरम, रामेश्वरम, पूणे द्वारकाधीश, वाराणसी, नासिक में एक से दो रात का डीलक्स श्रेणी होटल में ठहराव होगा व ज्योतिर्लिंग मंदिरों के दर्शन कराए जाएंगे। सुपर लग्जरी ट्रेन के एसी-1 का किराया 1,55,740 से 1,80,440 लाख रुपये, एसी-2 का 1,44,325 से 1,67,725 लाख रुपये व एसी-3 का 83,970 से 95,520 हजार रुपये होगा। ट्रेन के प्रत्येक कोच में सुरक्षा गार्ड मौजूद रहेंगे। सभी कोचों में इलेक्ट्रॉनिक लॉकर और सीसीटीवी कैमरे की सुविधा होगी।

# कश्मीर में भारी बारिश से बिगड़े हालात, भूस्खलन होने से नेशनल हाईवे ठप; बंद रहेंगे स्कूल

**कश्मीर , एजेंसी।** कश्मीर में बीते तीन दिनों लगातार बारिश हुई, जिसके कारण नदियों और नालों का जल स्तर काफी बढ़ गया है। इसे देखते हुए एहतियात के तौर पर मंगलवार को घाटी के सभी स्कूलों को बंद करने की घोषणा की गई। कश्मीर यूनिवर्सिटी ने भी मंगलवार को होने वाली परीक्षाएं टाल दी हैं। घाटी में भारी बारिश के बाद भूस्खलन की अनेक घटनाएं हुईं। इसे देखते हुए सोमवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। कश्मीर को देशभर से जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर रामबन जिले के मेहर, गांगरू, मोम पस्सी और किश्तवाड़ी पाथेर में भूस्खलन देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि बारिश जारी होने की वजह से मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि जब तक राजमार्ग से मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक यहां से गुजरने से बचें। जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग मुगल रोड भी पीर की गली और आसपास के क्षेत्रों में हिमपात की वजह से तीसरे दिन बंद रहा। एक अधिकारी



ने कहा कि रविवार को हुंजाला में नायगड़ जल आपूर्ति योजना के 250 मिलीमीटर के मुख्य पाइप क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद किश्तवाड़ शहर में जल आपूर्ति रुक गई थी जिसे बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बाशा-सिंबूल गांव में भूस्खलन से ढहे 2 मकान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किश्तवाड़ के बाशा-सिंबूल गांव में भूस्खलन से 2 मकान ढह गए। रामबन और सांबा जिलों में रात में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में बड़ी संख्या में मवेशी मारे गए। वहीं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि घाटी में रविवार शाम से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थानीय आबादी पर कहर बरपाया है। साथ ही कश्मीर संभाग के गांवों और कस्बों में बाढ़ के खतरे की जद में हैं। उन्होंने कहा, मुझे कुपवाड़ा, बंदीपोरा, सोपोर और यहां तक कि श्रीनगर शहर के कुछ हिस्सों सहित विभिन्न जिलों से फोन आ रहे हैं।

# रेप पीड़िता के माता पिता से बात कर सुप्रीम कोर्ट का आदेश पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने 22 अप्रैल को मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट देखने के बाद 14 साल की नाबालिग को गर्भपात कराने की अनुमति दे दी थी। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत पूर्ण न्याय करने की अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला दिया था। इसके साथ ही, पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि 'मेडिकल बोर्ड ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच की है और रिपोर्ट से साफ है कि गर्भावस्था जारी रहने से पीड़िता को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा।' सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 14 साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के गर्भ में पल रहे 31 सप्ताह के भ्रूण को समाप्त करने की अनुमति देने के अपने आदेश को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने नाबालिग बच्ची के माता-पिता से बातचीत करने के बाद अपना आदेश वापस लिया है। बच्ची के माता-पिता ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से बातचीत की और उन्होंने अपनी बेटी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए, बच्चे को जन्म देने की इच्छा जाहिर की थी।

शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए नाबालिग को गर्भपात की अनुमति दी थी। हाईकोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात कराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस मामले में पीठ ने 19 अप्रैल को पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया था। मेडिकल बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा गया कि यदि पीड़िता गर्भावस्था को जारी रखने से उसकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। कानून के मुताबिक 24 सप्ताह से अधिक के गर्भ को अदालत की अनुमति के बगैर खत्म नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा था कि मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए पीड़ित नाबालिग लड़की को गर्भपात की अनुमति दी जा रही है। इसके साथ ही, मुंबई के सायन अस्पताल के डीन को नाबालिग का गर्भपात कराने के लिए डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने का आदेश दिया था।बच्ची की माता-पिता से बातचीत करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे का हित सर्वोपरि है। पीठ ने कहा कि नाबालिग पीड़िता के माता-पिता ने बेटी को घर ले जाने और बच्चे को जन्म देने की इच्छा जाहिर की है। इसके मद्देनजर, 22 अप्रैल को पारित आदेश को वापस लिया जाता है, जिसके तहत गर्भपात कराने की अनुमति दी गई थी।

# बिहार से लोकतंत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी ना के बराबर...भाजपा और कांग्रेस ने किसी महिला प्रत्याशी को नहीं दिया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला सशक्तीकरण की मिसाल से भरी माता जानकी की भूमि मिथिला में महिलाओं को लोकतंत्र में वह हिस्सेदारी नहीं मिल सकी, जो संविधान ने उन्हें दी है। बिहार में अबतक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए और महज 34 महिला ही सदन पहुंचने में सफल हुई है।

विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पुरजोर वकालत करने वाले राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं की इस बार कोई सुध नहीं ली और टिकट बंटवारे के समय चुप्पी साध ली। भरपूर सम्मान एवं बराबरी की हिस्सेदारी का दावा करने वाले राजनीतिक दल इस चुनाव में भी आधी आबादी से किए अपने वादे भूल गए। बिहार में अबतक हुए लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक चार बार जीतने वाली रमा देवी को भाजपा ने इस बार के चुनाव में शिवहर से बेटिकट किया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीटों में तालमेल के तहत शिवहर सीट जदयू को मिली है। जदयू ने शिवहर सीट से पूर्व सांसद लवली आनंद को उतारा है।महिला आरक्षण बिल या नारी शक्ति वंदन विधेयक पास कराने वाले एनडीए ने इस बार के लोकसभा चुनाव में महिला शक्ति को नजर अंदाज किया है। भाजपा ने बिहार में एक भी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

राजग के घटक दल जदयू ने दो महिला सीवान से विजया लक्ष्मी देवी और शिवहर से लवली आनंद को टिकट



दिया है। वहीं लोजपा-रामविलास ने वैशाली से वीणा देवी और समस्तीपुर से शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया है। कुल मिलाकर राजग ने चुनाव में 40 सीट में से चार सीट पर महिलाओं को टिकट दिया है। जबकि इंडिया गठबंधन ने छह महिला शक्ति पर भरोसा जताया है।

राजद ने बिहार में आधी आबादी को टिकट देने के मामले में इस बार सभी दलों से बाजी मार ली है। गैया बकरी चरती जाए, मुनिया बेटी पढ़ती जाए। नारा देने वाले राजद सुप्रीमो लालू ने सर्वाधिक छह महिलाओं को मैदान में उतारा है। इसमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती और रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इसमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने किसी महिला शक्ति को मौका नहीं दिया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामदल ने भी किसी महिला को चुनाव में नहीं जगह दी है। वामदल में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) से कोई महिला चुनावी मैदान में नही हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने भी इस चुनाव में महिला शक्ति की उपेक्षा की और किसी महिला को मौका नहीं दिया। फिलहाल लोकसभा में बिहार की तीन महिला सांसद हैं, जो महज 7.5 फीसद भागीदारी हैं। यदि महिला आरक्षण लागू हुआ।

संक्षिप्त समाचार

## आईपीएल प्लेऑफ के करीब पहुंची केकेआर

### इन टीमों पर अभी भी संकट के बादल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीत के रथ पर सवार हुई ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स अब एक और हार का सामना करना पड़ा है। इस बीच श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइटराइडर्स ने जीत दर्ज कर अपनी प्लेऑफ में जाने की संभावनाओं को और भी मजबूत कर लिया है। खास बात ये है कि अब तक लीग में 47 मुकाबले हो चुके हैं, लेकिन ना तो कोई टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई है और ना ही कोई टीम इसमें एंट्री कर पाई है। आने वाले वक्त में मैच और भी रोचक होने की उम्मीद है।

### राजस्थान रॉयल्स अभी भी टेबिल टॉपर

आईपीएल की ताजा अंक तालिका पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम इस वक्त टॉप पर चल रही है। टीम ने 9 में से अपने 8 मुकाबले जीते हैं और 16 अंकों के साथ टॉप पर चल रही है। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए यहां से बस एक और मैच जीतना जरूरी होगा। वहीं डीसी पर जीत हासिल करने के बाद केकेआर की टीम अभी भी दूसरे नंबर पर है। केकेआर ने अब तक 9 मुकाबले खेले हैं, इसमें से 6 जीतकर उसके पास कुल 12 अंक हो गए हैं।

## पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच गिलेस्पी ने कहा

### वह बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच के रूप में उनका सिद्धांत यह होगा कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश न करें जो वो नहीं हैं। पाकिस्तान के टेस्ट कोच के रूप में गिलेस्पी का पहला कार्यभार अगस्त में बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। यह पहली बार है कि गिलेस्पी किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच होंगे। इससे पहले वह यॉर्कशायर के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं, साथ ही ससेक्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया को भी कोचिंग दे चुके हैं।

उन्होंने पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ टी20 कोचिंग भूमिकाएं भी निभाई। जेसन गिलेस्पी ने कहा, देखो, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! टेस्ट क्रिकेट प्रारूप की लोकप्रियता में योगदान देने पर, गिलेस्पी ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से आपके खेल के हर हिस्से का टेस्ट लेता है। यह टेक्नीक का परीक्षण करता है और यही सच्ची परीक्षा है। आपको केवल दुनिया भर के खिलाड़ियों से बात करनी है और वे सभी टेस्ट खेलना पसंद करते हैं। हम प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, मीडिया, सभी को इसका लुत्फ उठाते देखते हैं। इससे पता चलता है कि विश्व कैलेंडर में टेस्ट क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है।

# पाकिस्तान को कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी दिलाना चाहते हैं कोच गैरी किर्स्टन

**कराची, एजेंसी।** किर्स्टन के मुताबिक पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग के शीर्ष चार से पांच पद में से एक है और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ काम करने का प्रस्ताव उन्हें आकर्षित कर रहा था। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी क्सर्टन चाहते हैं कि उनकी टीम अगले तीन साल में आईसीसी के तीन टूर्नामेंट्स में से कम से कम एक ट्रॉफी जीते। किर्स्टन इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा 2025 में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कोचिंग करते दिखेंगे। भारत की विश्व कप (2011) विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके क्सर्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम इन तीन में से कम से कम एक टूर्नामेंट जीते।

### वनडे-टी20 में पाकिस्तान के हेड कोच हैं क्सर्टन

मौजूदा समय में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) किर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है।

### पाकिस्तान टीम के साथ यह है क्सर्टन का लक्ष्य

किर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा- अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी। चाहे वह आगामी टी20 विश्व कप हो या अब से दो साल बाद।

### टी20 विश्व कप को लेकर कही यह बात





### टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे

उन्होंने कहा, मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। यदि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है तो हमारे पास हमेशा ट्रॉफी जीतने का अच्छा मौका होगा। इसलिए मेरे लिए यह समझना वास्तव में महत्वपूर्ण होगा कि टीम अभी कहां हैं और टीम को शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए कहां जाने की जरूरत है।

### टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए कम समय बचा

क्सर्टन के मुताबिक पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग के शीर्ष चार से पांच पद में से एक है और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ काम करने का प्रस्ताव उन्हें आकर्षित कर रहा था। किर्स्टन ने यह भी स्वीकार किया कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए उनके पास समय की कमी है क्योंकि उन्हें आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी होगी।उन्होंने कहा- मैं अभी एक जिम्मेदारी निभा रहा हूं। मुझे यहां अपना अनुबंध देखना है, लेकिन योजनाएं पहले से ही तैयार हैं। अंतरिम मुख्य कोच के रूप में अजहर महमूद बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हम इस समय बातचीत कर रहे हैं। मैं टीम को समझ रहा हूं।

# रिंकू का नाम 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : श्रीकांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। रिंकू आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी की आखिरी पांच गेंदों पर पांच सिक्स जड़ने के साथ सुर्खियों में आए।

आईपीएल में उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीता है। इतना ही नहीं पिछले सीजन में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने साल के अंत में भारत के लिए टी20 में डेब्यू किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से सात मैच में 176.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। केकेआर के शीर्ष क्रम ने आईपीएल 2024 में अब तक टीम के लिए बड़े पैमाने पर स्कोरिंग की है

। रिंकू को बल्लेबाजी के लिए ज्यादा समय नहीं मिला है, उन्होंने आठ मैचों में 157.74 की स्ट्राइक-रेट से 112 रन बनाए हैं। श्रीकांत भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि रिंकू सिंह मेरे 15 खिलाड़ियों में से एक है। उसे आईपीएल में बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन आप उसका अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक रिकॉर्ड देखें, यह अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि आईपीएल के जरिए कई भारतीय युवा खिलाड़ी को अपना दमखम दिखाने का मौका मिला है, जिनकी अब आगामी पुरुष टी20 विश्व कप की चयन दौड़ में चर्चा हो रही है।

2007 संस्करण का विजेता भारत, अपने पुरुष टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, कनाडा और टूर्नामेंट के सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल राउंड- 2

## जर्मनी के लेव ने तीसरे वरीय किरिल को हराया , भारत के भरत की दूसरी जीत





**ओलबिया, इटली, एजेंसी।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल में दूसरे दिन 40 देशो के लगभग 300 खिलाड़ियों के बीच हुए मुक़ाबले में लगातार दूसरे दिन बड़े उलटफेर देखने को मिले ।मास्टर्स वर्ग में दूसरे दिन ही टॉप सीड खिलाड़ी स्लोवेनिया के वल्दिमीर फेडोसीव अपनी वरीयता कायम नहीं रख पाये और उन्हे नॉर्वे के 41वे वरीय बेंजामिन हलडोरसेन नें आधा अंक बांटने पर मजबूर कर दिया ।

वहीं तीसरे बोर्ड पर दिन का सबसे बड़ा उलटफेर सामने आया जब रोमानिया के तीसरे वरीय सावचेंको किरिल को जर्मनी के 42वें वरीय लेव यांखेलविच नें पराजित करते हुए दिन का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया । हालांकि प्रमुख खिलाड़ियों में दूसरे वरीय हंगरी के सनन सुगिरोव नें मेजबान इटली के वालेरिओ कार्नीकेली को पराजित करते हुए और चौथे वरीय स्पेन के एलन पीचोट नें इटली के गेब्रियल लूमाची को पराजित करते हुए लगातार अपनी दूसरी जीत दर्ज की है ।

भारतीय खिलाड़ियों में भरत सुब्रमण्यम नें इज़राइल के वागमन रॉय को मात देते हुए दूसरी जीत दर्ज की तो 50वीं वरीय वन्तिका अग्रवाल नें नौवे वरीय स्पेन के मकसीम चिगेव को ड्रॉ पर रोका ।

थॉमस कप बैडमिंटन

## भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में-आखिरी ग्रुप मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराया, अब मुकाबला इंडोनेशिया से होगा

**चेंगदू, एजेंसी।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को चेंगदू, चीन में अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया ने भिड़ेगा। थॉमस कप पुरुष टीमों के बीच होने वाला मल्टीनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट है। महिलाओं के इस टूर्नामेंट को उबर कप कहा जाता है। इन टूर्नामेंट दो टीमों के एक मुबाले में तीन सिंगल्स और 2 डबल्स मैच खेले जाते हैं।

### एचएस प्रणय ने जीता पहला मैच

भारत-इंग्लैंड मुकाबले की शुरुआत सिंगल्स मैच से हुई। भारत की ओर से वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय उतरे। वहीं, इंग्लैंड के लिए दुनिया के 106वें नंबर के खिलाड़ी हैरी हुआंग आए। प्रणय ने यह मैच 42 मिनट में 21-15, 21-15 से जीत लिया।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी तीन गेम में जीती

दूसरा मैच डबल्स का खेला गया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 19वीं रैंकिंग वाली जोड़ी बेन लेन और सीन वेंडी को हराया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला एक घंटा और पांच मिनट में 21-17, 19-21, 21-15 से जीता।

तीसरा मैच सिंगल्स का हुआ। इसमें भारत के पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराया। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को इस मुकाबले के लिए आराम दिया गया था। चौथे मैच में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच सिंगल्स का हुआ। इसमें दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने 209वें नंबर के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया।



साल 2022 में भारत ने पहली बार थॉमस कप जीता था। भारत ने फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था। 1948-1949 के बाद से आयोजित 30 थॉमस कप टूर्नामेंटों में से केवल छह देशों ने खिताब जीता है। इंडोनेशिया सबसे सफल टीम है, जिसने 14 बार जीत हासिल की है। चीन, जिसने 1982 से पहले प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं की थी, 10 खिताबों के साथ इंडोनेशिया से पीछे है, जबकि मलेशिया ने 5 खिताब जीते हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप




## टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम का एलान, बावुमा स्क्वॉड से बाहर, मार्करम करेंगे कप्तानी

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का एलान हो गया है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की कमान एडेन मार्करम को सौंपी गई है। वहीं, पूर्व कप्तान तेम्बा बावुमा को टीम से बाहर कर दिया गया है। ओटनील बार्टमैन और रेयान रिकेल्टन के रूप में टीम में दो नए चेहरे हैं।

यह पहली बार है जब किसी आईसीसी इवेंट में मार्करम कप्तानी करते दिखेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम में सबसे दिलचस्प चीज एनरिक नॉर्त्जे को शामिल करना रहा है। वह नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज आईपीएल 2024 सीजन खेल रहा है। इससे पहले वह पीठ की चोट से जूझ रहे थे। इस समस्या की वजह से वह सितंबर 2023 से एक्शन से बाहर थे।

इस खास टूर्नामेंट के जरिए क्विंटन डिकॉक भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने 2023 क्रिकेट विश्व कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। डिकॉक 2022 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। नॉर्त्जे और डिकॉक, दोनों क्रिकेटरों को हाल ही में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखा गया था।

### टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम :

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्तुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्त्जे, कगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

## Uber Cup: चीन के आगे फीका पड़ा भारत का युवा जोश, उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में 5-0 से हारी भारतीय महिला टीम



**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

भारत की महिला टीम को मंगलवार को चेंगदु में चल रहे उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। युवा सनसनी अनमोल खरब टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा।

कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत इस टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। इसके अलावा अश्विनी पोनप्पा-तनीशा क्रास्तो और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के बिना भारतीय टीम यह टूर्नामेंट खेल रही है।

# नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार ! अरेस्ट वारंट से भड़का अमेरिका, दी अंजाम भुगतने की चेतावनी



**येरुशलम, एजेंसी।** गाजा पट्टी में भीषण नरसंहार के चलते इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ ऐक्शन हो सकता है। रिपोर्ट है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी करने वाली है। वारंट सिर्फ नेतन्याहू ही नहीं इजरायली रक्षा मंत्री और आईडीएफ चीफ के खिलाफ भी जारी हो सकता है। आईसीसी के इस कदम ने अमेरिका को भड़का दिया है। उसने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो आईसीसी अंजाम भुगतने को तैयार रहे।

गाजा पट्टी में इजरायली सेना के कत्लेआम से मरने वालों की तादाद 34 हजार पार कर गई है। गाजा में मरने वालों में ज्यादातर निर्दोष बच्चे और महिलाएं हैं। गाजा पर जमीनी और हवाई ऑपरेशनों रोकने के लिए यूएन समेत कई अंतरराष्ट्रीय संगठन आवाज उठा चुके हैं लेकिन, नेतन्याहू ने अपने कदम पीछे नहीं किए।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में दोनों पार्टियों के सांसदों ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को चेतावनी दी है कि यदि शीर्ष इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया तो वाशिंगटन अदालत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा। बता दें कि आईसीसी नेतन्याहू, इजरायली रक्षा मंत्री समेत आईडीएफ चीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले पर आईसीसी ऐक्शन लेने की तैयारी कर रहा है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने कहा कि आईसीसी अधिकारियों को मंजूरी देने के लिए एक विधेयक पास होने की उम्मीद है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों को लगता है कि उसकी धमकी के बाद आईसीसी अपने कदम वापस ले सकता है। अमेरिकी सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने गाजा युद्ध के लिए नेतन्याहू के गिरफ्तारी वारंट जारी करने को लेकर आईसीसी की निंदा की है।

जॉनसन ने एक बयान में कहा, यह अपमानजनक है कि आईसीसी कथित तौर पर इजरायल के प्रधान मंत्री नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों के खिलाफ निराधार गिरफ्तारी वारंट जारी करने की योजना बना रहा है। आईसीसी की ऐसी अराजक कार्रवाई सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को कमजोर करेगी। यदि बाइडेन प्रशासन द्वारा चुनौती नहीं दी गई, तो आईसीसी अमेरिकी नेताओं, हमारे राजनयिकों और सैन्य कर्मियों के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकती है। इससे हमारे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ सकती है।

पुतिन के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका आईसीसी बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब आईसीसी ने किसी देश के सर्वोच्च नेता पर इस तरह का ऐक्शन लिया हो। इससे पहले आईसीसी ने यूक्रेन पर युद्ध के आरोप में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस ऐक्शन के तहत आईसीसी के नियमों को मानने वाले किसी भी देश के दौरे पर उस नेता पर गिरफ्तारी का खतरा रहता है।

## हमास संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण का दावा, राफा में इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए

**गाजा/तेल अवीव , एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। क्षेत्र के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह दावा किया। अधिकारियों ने कहा कि रात के दौरान विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए।

सोमवार सुबह गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई। जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निर्देशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते।

इजरायल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा। इजरायल के सहयोगियों ने बार-बार सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि सैकड़ों हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक शहर में शरण ले रहे हैं। नियोजित सैन्य अभियान को अभी भी टाला जा सकता है, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई पर बातचीत करने के लिए सोमवार को मिस्र पहुंच रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल, निशाने पर क्यों सऊदी अरब का माल



**साना, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक कंटेनर पोत को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इस अहम समुद्री मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय पोतों के खिलाफ उनके अभियान की कड़ी में यह नया हमला है। ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। इसके अलावा उसने और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। उसने क्षेत्र से गुज़रने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को ताबड़तोड़ तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर ज़िबूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था। 'अम्ब्रे' ने कहा कि पोत को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि इसके सूचीबद्ध संचालक का इज़रायल के साथ व्यापारिक संबंध है। हालांकि पोत के संचालक ने कहा कि पोत ज़िबूती में ही है और घटना में इसे निशाना नहीं बनाया जा सकता है। हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन शक उनपर ही है।

### अमेरिका में अपराधी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर दागीं गोलियां 4 अधिकारियों की मौत

**चार्लोट, एजेंसी।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में एक चौंकाने वाली घटना हुई हैं। यहां पुलिस जिन बदमाशों को पकड़ने गई थी उन्ही ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इससे चार अधिकारियों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य अधिकारी घायल हो गए। यह सभी अधिकारी बंदूक रखने के आरोप में वांछित एक अपराधी के वारंट की तामील करने उत्तरी कैरोलिना के एक घर में गए थे। तभी बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें चार पुलिस कर्मियों की मौत हो गई तो वहीं चार घायल हो गए। चार्लोट-मैकलेनबर्ग पुलिस प्रमुख जॉनी जेनिंग्स ने कहा कि मारे गए अधिकारियों की पहली खेप को बचाने के लिए चार्लोट पड़ोस में पहुंचे कुछ अधिकारी घायल हो गए क्योंकि वांछित व्यक्ति को मारने के बाद दूसरे शूटर ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अमेरिकी मार्शल सेवा ने पुष्टि की है कि उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट में एक भगोड़े वारंट अपराधी को पकड़ने के लिए चलाए गए ऑपरेशन के दौरान एक उप अमेरिकी मार्शल की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। कई अन्य मार्शल सर्विस टास्क फोर्स के सदस्यों और स्थानीय अधिकारियों को भी गोली मार दी गई और घायल कर दिया गया। जेनिंग्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज हमने कुछ नायकों को खो दिया जो हमारे समुदाय को सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे थे। इस मुठभेड़ के बाद घर में एक महिला और एक 17 वर्षीय पुरुष पाए गए हैं। जेनिंग्स ने कहा, दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### लॉटरी जीतने का पता चला तो निकल पडे आंसू



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैड के विल्टशायर के निवासी 51 वर्षीय व्यक्ति ट्रोब्रिज ने 18 मई 2023 को टिकट खरीदा था। शख्स ने कई दिनों तक टिकट की जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि वह पलस्तर का एक दिन पूरा करने के बाद अपनी वैन में बैठकर कॉफी पी रहा था और तभी उसकी नजर छज्जे के पीछे टिकट पर पड़ी। वह एक दुकान के करीब था इसलिए उसने सोचा कि वह अंदर जाएगा और टिकट की जांच करवाएगा, इस उम्मीद में कि शायद कुछ हो जाए !जब स्टोर सहायक ने इसे जांचने के लिए मशीन में डाला, तो मशीन ने वास्तव में अजीब आवाज निकाली, कुछ ऐसा जो उसने पहले कभी नहीं सुना था। तब सहायक ने उससे कहा कि उसे टिकट पर दिए गए नंबर पर कॉल करना होगा क्योंकि यह एक विजेता टिकट था लेकिन वह उसे भुगतान नहीं कर सकती। जॉन ने सोचा कि शायद उसने केवल दस हजार रुपये ही जीते हैं, और जब उसे पता चला कि उसने इससे कहीं अधिक राशि जीती है तो उसकी आंखों में आसू आ गए। अपनी वैन में वापस गया उसी क्षण रेडियो पर एक राष्ट्रीय लॉटरी का विज्ञापन आया, जिसमें एक विजेता का टेलीफोन कॉल बज रहा था। और सचमुच ही उसके कॉल का जवाब था। फोन के अंत में महिला ने जॉन से कहा, 'क्या आप बैठे हैं?' फिर उसने पुष्टि की कि उसने शीर्ष पुरस्कार जीता है ।जॉन लंबे समय तक काम करने, धूल में सने रहने और बिलों की चिंता से तंग आ चुका था। लाटरी विजेता शख्स एक झील के किनारे घर बनाने और मछली पकड़ने की उम्मीद करता है। युवक अब मछली पकड़ने और फोटोग्राफी के अपने शौक को पूरा करने की योजना बना रहा है।

## कई सालों से आग में झुलस रहा अमेरिका का सेंट्रलिया शहर



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया का यह खौफनाक शहर सेंट्रलिया दशकों से जमीन के नीचे की आग की चपेट में है। आज इसकी आबादी केवल 5 लोगों की रह गई है। 1962 में सेंट्रिलिया की खदान में आग लग गई थी जिसने आज तक थमने का नाम नहीं लिया है और अब पूरा का पूरा बसाया बसाया शहर जमीन के अंदर लगी आग के धुएं से तबाह हो चुका है।

1920 के दशक में सेंट्रलिया दुकानों से भरा एक हलचल भरा शहर हुआ करता था, जिसके निवासी बढ़ते खनन उद्योग से लाभान्वित होते थे। जैसे-जैसे इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ती गई, इसके 1,200 निवासी स्थानीय खदानों से प्राप्त कोयले पर खुशी से जीवन व्यतीत करने लगे।पर आज यह शहर पूरी तरह से वीरान है, इसकी अधिकांश इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। यह सब एक खदान में लगी आग से शुरू हुआ जो 1962 में शुरू हुई और 50 साल से अधिक समय बाद भी जल रही है, जिसके धुएं से शहर पूरी तरह से तबाह हो गया। पिछली अमेरिकी जनगणना के अनुसार शहर की आबादी अब घटकर केवल 5 लोगों की रह गई है, जो अब धुएं वाले इलाके के करीब रहते हैं। फायर अंडरग्राउंड में डेविड डेटोक ने लिखा कि यह अप्रासंगिक, छोटे शहर के इतिहास जैसा लग सकता है।कूड़े के ढेर को साफ़ करने के लिए सेंट्रलिया काउंसिल का तरीका यह था कि उसमें आग लगा दी जाए। ऐसा माना जाता है कि विशाल डंप आग ने शहर के नीचे एक बड़ी खदान में आग लगा दी, जिसके कारण जल्द ही सेंट्रलिया की कोयला खदानों के पूरे नेटवर्क में आग फैल गई। आग बुझाने के कई प्रयास किए गए लेकिन ये असफल रहे।

## हैती में व्यवस्था बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने को बांग्लादेश सहमत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हैती में व्यवस्था बहाल करने में मदद करने के लिए बांग्लादेश एक अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने के लिए सहमत हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी। यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश उन छह देशों में से एक है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखा है कि वे हैती में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा सहायता मिशन (एमएसएसएम) में कर्मियों का योगदान देंगे। गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद ने हैती में स्थिति को सुधारने में मदद करने के लिए एमएसएसएम मिशन का गठन किया है। यह मिशन संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र रूप में कार्य करेगा। केन्या के नेतृत्व वाली सेना में बहामास, बारबाडोस, बेनिन, चाड और जमैका शामिल हैं। गौरतलब है कि हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस सहित देश के कई हिस्सों में सशस्त्र गिरोह अराजकता फैलाए हुए हैं। इस दौरान हजारों लोग मारे गए हैं। 1.4 मिलियन लोगों को अकाल का सामना करना पड़ रहा है और चार मिलियन लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। इस साल फरवरी में हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी, देश छोड़कर अमेरिका भाग गए थे। उन्होंने पिछले सप्ताह अमेरिका में निर्वासन के दौरान इस्तीफा दे दिया।

## भारत महाशक्ति बन रहा है और हम भीख मांग रहे हैं : मौलाना फजलुर रहमान



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** गरीबी,भुखमरी और आतंकवाद के लिए खुद की पहचान बना चुके पाकिस्तान का दर्द एक बार फिर छलका है। दरअसल पाकिस्तानी संसद में विपक्ष के एक सांसद ने भारत की तारीफ करते हुए अपने ही देश की बुरी गत का जिक्र कर दिया। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने बयान दिया कि एक तरफ भारत है जो लगातार महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा है, दूसरी तरफ हम हैं जो दिवालिया होने से बचने के लिए दूसरे देशों से भीख मांग रहे हैं। रहमान ने शहबाज शरीफ पर निशाना भी साधा। आरोप लगाया कि पाकिस्तान में सरकारें महलों में बनती हैं। पर्दे के पीछे के कुछ लोग फैसले ले रहे हैं और हम सिर्फ कठपुतली बने हुए हैं। सांसद अब खुलेआम पीएम शहबाज शरीफ को खरी-खोटी सुनाने में लगे हैं। नेशनल असेंबली पर अपने भाषण में मौलाना फजलुर रहमान का शहबाज पर जमकर गुस्सा फूटा। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है और हम दिवालिया होने से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। इसका जिम्मेदार कौन है? रिपोर्ट के अनुसार, मौलाना फजलुर रहमान ने देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने देश की निर्वाचित सरकार को महज उनकी कठपुतली बताया। साथ ही दावा किया कि हमारी दीवारों के पीछे कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो हमें नियंत्रित कर रही हैं और वे ही सारे निर्णय ले रहे हैं जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।रहमान ने संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए संविधान के सिद्धांतों को त्यागने और लोकतंत्र को बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, सरकारें महलों में बनती हैं और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मौलाना फजल ने सवाल किया, कब तक हम समझौता करते रहेंगे? कब तक हम विधायक चुने जाने के लिए बाहरी ताकतों से मदद मांगते रहेंगे। दरअसल, 2024 के संसदीय चुनाव के बाद पाकिस्तान में नई सरकार का गठन तो हो गया लेकिन, हालात अभी भी नहीं सुधरे हैं। जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने वाले शहबाज शरीफ एक बार फिर पीएम की कुर्सी पर विराजमान हो चुके हैं। तमाम वादों के बावजूद पाकिस्तान की आर्थिक दुर्दशा में रत्ती भर भी फर्क नहीं आया। शहबाज शरीफ लगातार दूसरे देशों में जाकर आर्थिक मदद ला रहे हैं, जिसके दम पर सरकार चल रही है। हालत ये हो गई है कि अब सांसदों ने भी शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रहमान ने 2018 और 2024 दोनों समय लोकसभा चुनावों में हुई धांधली की निंदा की और कथित तौर पर नकली प्रतिनिधियों के सत्ता में आने की निंदा की। रहमान ने दावा किया कि देशवासी असुरक्षा से ग्रस्त हैं और इसके प्रति हमारी सरकार को होश में आने की जरूरत है।

## ये सरेंडर तो शर्मनाक... इजरायल की युद्ध कैबिनेट दो फाड़; मंत्री क्यों बोले खतरे में नेतन्याहू सरकार



**राफा, एजेंसी।** दक्षिण गाजा पट्टी के राफा शहर के तीन आवासीय इमारतों पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में करीब 20 फिलीस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा ने सोमवार को बताया कि गाजा पट्टी के राफा शहर के आवासीय क्षेत्र में इजरायल ने हवाई हमले किए, जिसमें करीब 20 लोगों की जान चली गई। पीड़ितों में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं ओर कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं।

ये हमले काहिरा में हमास नेताओं और मिस्र के मध्यस्थों के बीच नए दौर की संघर्ष विराम वार्ता से ठीक पहले हुए हैं। इसके बावजूद मिस्र के विदेश मंत्री ने कहा है कि वह गाजा में युद्ध विराम के नए प्रस्तावों को लेकर आशान्वित हैं। सूत्रों के अनुसाार गाजा में युद्धविराम के संबंध में आंदोलन की प्रतिक्रिया देने और इजरायल के साथ बंधक और कैदियों की अदला-बदली समझौते पर बातचीत करने के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल आज काहिरा जाने वाला है।

इधर, बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच इजरायल की युद्ध कैबिनेट ने भी गाजा में युद्ध विराम के प्रस्तावों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कैबिनेट के मंत्री इस मुद्दे पर आपस में ही उलझते और दो फाड़ दिखे। रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने कहा है कि अगर इजरायली सरकार बंधकों की रिहाई के समझौते को रोकती है तो उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं रहेगा। दूसरी तरफ वित्त मंत्री बेजालेल स्मोटरिच ने कहा कि सरकार समझौते के लिए तैयार होती है तो यह शर्मनाक सरेंडर होगा। कट्टरपंथी इजरायली मंत्री प्रधानमंत्री नेतन्याहू को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर हमास के साथ बंदियों के बदले युद्ध विराम पर सहमति बनी तो उनकी सरकार गिर जाएगी।ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा है कि नई वार्ता के अनुसार इसमें 40 दिनों का युद्ध विराम शामिल होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हमास इस उदार प्रस्ताव को स्वीकार करेगा। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा है कि इजरायल ने अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देशों को भरोसा दिया है कि वो रफाह में हमला नहीं करेगा।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा है कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायल की ओर से किए गये हमलों में करीब 66 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी और अन्य 138 घायल हो गए हैं। पिछले साल सात अक्टूबर को इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 34,454 तक पहुंच गयी है और 77,575 लोग घायल हो गए।

## स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम प्रथम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा, पार्टी में हलचल; उत्तराधिकारी की तलाश तेज

**स्कॉटलैंड, एजेंसी।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम प्रथम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

**मैं किसी के साथ सौदा नहीं कर सकता-हमजा यूसुफ :** इससे पहले एसएनपी की सहयोगी एसजीपी ने विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर दो अविश्वास प्रस्तावों का समर्थन किया था। पहला अविश्वास प्रस्ताव यूसुफ के नेतृत्व को लेकर था जबकि दूसरा प्रस्ताव स्कॉटिश सरकार के संबंध में था। इसे लेकर हमजा यूसुफ का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उनके पास भी विकल्प मौजूद था लेकिन उन्होंने वह रास्ता नहीं चुना। हमजा ने कहा कि मैं केवल सत्ता में रहने के लिए अपने मूल्यों और सिद्धांतों का व्यापार कर किसी के साथ सौदा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा काफी सोचने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि देश के लिए सबसे अच्छा क्या है।

**मुझे जो अवसर मिला, उसके लिए आभारी हूं- हमजा यूसुफ :** एडिनबर्ग के ब्यूट हाउस में दिए गए अपने भाषण में यूसुफ ने कहा कि मुझे दुख है कि मंत्री के रूप में मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, लेकिन नेतृत्व का जो अवसर मुझे मिला उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। उन्होंने अपने भाषण में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, लंदन के मेयर सादिक खान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब मैं छोटा था, तो मेरे जैसे दिखने वाले लोग राजनीति में प्रभावशाली पदों पर नहीं थे। अब हम ऐसे ब्रिटेन में रहते हैं जहां एक ब्रिटिश हिंदू प्रधानमंत्री और एक मुस्लिम मेयर भी हैं। यूसुफ ने कहा अब हम एक उत्तराधिकारी को कमान सौंपने की तैयारी करेंगे और मुझे पूरा यकीन है कि वह बेहतरीन काम करेंगे।

**उत्तराधिकारी की तलाश जारी :** यूसुफ अपने पद पर तब तक बने रहेंगे जब तक कि स्कॉटिश संसद में उनके स्थान पर प्रथम मंत्री का चयन नहीं हो जाता। यह स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के लिए उथल-पुथल का समय है। उधर विपक्षी दलों ने भी उनके इस्तीफे का स्वागत किया। पाकिस्तान मूल के राजनीतिज्ञ हमजा यूसुफ मार्च 2023 में यूनाईटेड किंगडम के स्कॉटलैंड में पहले इस्लामिक फर्स्ट मिनिस्टर बने थे। उन्हें 37 वर्ष की उम्र में सत्तारूढ़ स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नए नेता के रूप में चुना गया था।

## कनाडा में मुसलमानों को हलाल लोन देंगे टूडो, शरिया कानून के हिसाब से करेगा काम

**टोरंटो, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक कनाडाई पीएम जस्टिन टूडोअब हलाल लोन को लेकर चर्चा में हैं। कनाडाई सरकार ने मुसलमानों को शरिया कानून के तहत हलाल के तहत होम लोन देने की घोषणा की। कनाडा एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है और हलाल लोन की घोषणा से कनाडा के लोग में गुस्सा है। हालांकि टूडो सरकार का कहना है कि मुसलमानों को होम लोन देने में सुविधा देने के लिए हलाल मोर्गेज (लोन) लाया जा रहा है। इसमें मुसलमानों को फायदा भी होगा और वह शरिया कानून के तहत लोन ले सकेंगे।

पिछले सप्ताह कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने संघीट बजट पेश करते हुए देश के मुसलमानों को हलाल लोन के रूप में नया तोहफा दिया। उन्होंने घोषणा की कि मुसलमानों को होम लोन की सुविधा के लिए हलाल मोर्गेज दिया जाएगा। यह लोन पूरी तरह से शरिया कानून के तहत कार्य करेगा। उधर, टूडो सरकार की घोषणा के बाद लोगों में गुस्सा है। आरोप है कि किसी धर्म विशेष के प्रति झुकाव नहीं रखने वाले कनाडा देश में तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है।

**क्या है हलाल लोन और कैसे दिया जाएगा :** जस्टिन टूडो और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने 16 अप्रैल को 2024-25 का बजट जारी किया था, जिसमें अपने सपनों का घर खरीदने की इच्छा रखने वाले मुसलमानों के लिए हलाल लोन की घोषणा की गई। इसके तहत किसी भी मुस्लिम को घर के लिए लोन दिया जा सकेगा। इस प्रक्रिया में शरिया कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी। क्योंकि शरिया कानून के तहत ब्याज लेना हराम है। इसलिए लोन लेने वाला कर्ज चुकाने के दौरान उस घर पर बतौर किराएदार रह सकता है और कर्ज की रकम किराए के तौर पर बैंक को अदा करेगा। जैसे-जैसे उसका कर्ज कम होता जाएगा, उस घर पर उसका स्वामित्व होता जाएगा।



टूडो सरकार का मामले में कहना है कि लोगों को कर्ज लेने के लिए सुविधा को देखते हुए ऐसा कदम उठाया गया है। मुसलमानों के लिए ब्याज की रकम हराम है, इसलिए लोन को शरिया कानून के तहत दिया जाएगा। इसलिए इस प्रक्रिया को हलाल मोर्गेज नाम दिया गया है। टूडो का यह आदेश ऐसे समय में आया है जब कनाडाई सरकार ने विदेशियों के घर खरीदने पर प्रतिबंध बढ़ा दिया है।

टूडो की लिबरल सरकार ने संघीय बजट 2024 में घोषणा तो कर दी है लेकिन, उसने वित्तीय संस्थानों और विभिन्न समुदायों के साथ मामले में परामर्श भी शुरू कर दिया है। सरकार का लक्ष्य यह समझना है कि सरकार की नीतियां घर खरीदने के इच्छुक कनाडाई लोगों की विविध आवश्यकताओं को कैसे बेहतर ढंग से पूरा कर सकती हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 01 मई 2024 | 8


बीहर नदी के विभिन्न घाटों में दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से तथा लोगों को सावधान रहने के लिये संकेतक लगाये गये हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर में बहने वाली बीहर नदीं के घाटों में यह संकेतक लगाये गये है।



## पेयजल आपूर्ति की कलेक्टर हर सप्ताह समीक्षा करें : कमिश्नर

### हर बसाहट में 30 जून तक पेयजल आपूर्ति की तत्काल कार्ययोजना बनाएं : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा संभाग सबसे कम औसत वर्षा वाला संभाग है। संभाग के सभी जिलों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। तापमान बढ़ने और जल स्तर घटने से कुछ स्थानों में पेयजल का संकट हो सकता है। सभी कलेक्टर हर बसाहट में 30 जून तक पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना तत्काल बनाकर प्रस्तुत करें। आवश्यक होने पर इसमें पेयजल परिवहन की मांग को भी शामिल करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार की प्रतिदिन समीक्षा करें। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में पेयजल आपूर्ति की अनिवार्य रूप से समीक्षा करें। हमें हर बसाहट में हर हाल में पेयजल उपलब्ध कराना है।



कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी जिलों के लिए आवश्यक हैण्डपंप के राइजर पाइप का प्रस्ताव दो दिवस में शासन को प्रेषित करें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ हैण्डपंपों में सिंगल फेज के मोटर तत्काल लगवाएं। सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में हैण्डपंपों के सुधार के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ टीम तैनात रखें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाएं। इसमें प्राप्त सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करें। संभाग के तीनों नगर निगमों में पेयजल के स्रोत पर्याप्त हैं। आयुक्त नगर निगम पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मैहर, अमरपाटन तथा रामनगर नगर परिषदों में एक दिन के अंतराल से पानी दिया जा रहा है। इन नगर परिषदों में जहाँ आवश्यक हो वहाँ टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि गत वर्ष संभाग के सभी जिलों में 30 अप्रैल को भूजल का जो स्तर था इस वर्ष वह लगभग 10 मीटर नीचे है। बाणसागर बांध से रीवा और सतना जिले के कई क्षेत्रों को पानी की आपूर्ति होती है। नहरों के माध्यम से दिए जा रहे पानी के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर पाँच जनवरी और 12 फरवरी को आयोजित संभागीय समीक्षा बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन एक मई को शाम 5 बजे तक दर्ज कराएं। जिला स्तर के बिन्दु कलेक्टर लॉगिन से तथा संभाग स्तरीय बिन्दु कमिश्नर लॉगिन से पोर्टल पर दर्ज होंगे। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, नगर निगमों के आयुक्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा पीएचई के कार्यपालन यंत्री शामिल हुए। कमिश्नर कार्यालय से अधीक्षण यंत्री पीएचई एसएल धुर्वे, उपायुक्त दयाशंकर सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आज कलेक्टर करेंगी सम्मानित

रीवा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह एक मई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने सभी संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित होना सुनिश्चित कराएं।

## खाद्य सुरक्षा से संबंधित प्रकरणों में अनावेदकों को उपस्थिति के निर्देश

रीवा

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न दूकानों, प्रतिष्ठानों व फार्मों की जांच की जाकर कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवेदकगणों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये थे परन्तु आवेदकों के अनुपस्थित रहने के कारण प्रकरण कई वर्षों से लंबित है। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा संबंधित दूकानों, प्रतिष्ठानों व फार्मों के आवेदकों को 6 मई 2024 को अपर कलेक्टर न्यायालय में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

उप संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीतम पाण्डेय निवासी कैलाशपुरी दूकान बसामन मामा डेयरी शिव दुर्गा मंदिर के पास अनंतपुर, संजय गुप्ता निवासी शारदापुरम दूकान जय माँ शारदा डेयरी, विनयदास नामिनी एनटेक्स ट्रान्सपोर्टेशन सर्विसेज प्रा. लि. गणेशम फेज-2 डी यूनिट-16 फोर्थ फ्लोर पिम्पल सौदागर पुणे, आसिफ अंसारी एनटेक्स ट्रान्सपोर्टेशन सर्विसेज प्रा. लि. गणेशम फेज-2 बिधल्डग डी यूनिट-16 फोर्थ फ्लोर पिम्पल सौदागर पुणे, जितेन्द्र सिंह आदर्श वाटर प्यूरीफायर प्लांट इटमा सतना, अमरीश मिश्रा अन्नपूर्णा संस्कार वैली स्कूल के पास, अनूप सिंह निवासी सितपुरा जिला सतना, सुधीर कुमार जायसवाल निवासी पुलिस लाइन चौक रायबरेली उत्तरप्रदेश, अजय सिंह निवासी एफसीआई गोदाम के पास सिंहपुर रोड शहडोल तथा दीपक कुमार मिश्रा गोकुल फैमली रेस्टोरेंट की मार्ट के सामने बरा रीवा को 6 मई 2024 को अपर कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित हेतु निर्देशित किया गया है।

## नदी के विभिन्न घाटों में दुर्घटना से बचाव हेतु लगाये गये संकेतक



**रीवा।** बीहर नदी के विभिन्न घाटों में दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से तथा लोगों को सावधान रहने के लिये संकेतक लगाये गये हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर में बहने वाली बीहर नदीं के घाटों में यह संकेतक लगाये गये है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में लोगों की असावधानी से नदी में दुर्घटनाएँ हो रही हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गत दिवस भ्रमण कर नदी के घाटों में संकेतक लगाने के निर्देश दिये था ताकि लोग सचेत हों और दुर्घटना से बचें। कलेक्टर के निर्देश पर उपरहटी, तरहटी, उन्नत पुल सहित अन्य घाटों में नदी के तेज बहाव व गहराई के संकेतक लगाकर सावधान रहने के लिये लोगों को सचेत किया गया है।

## नरवाई में आग लगाने वाले किसानो पर 15000 तक का जुर्माना सहित कठोर कार्यवाही

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मानीटर ने विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

रीवा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मानीटर श्री बालकृष्ण गोयल ने अपने रीवा जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय एवं गीतांजलि विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दी जानी वाली सुविधाओं की जानकारी ली।



स्पेशल मानीटर ने उत्कृष्ट विद्यालय के भ्रमण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा किट का निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ न पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय में पीने की पानी तथा साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। स्पेशल मानीटर ने विद्यालयों में बच्चों को गुडटच, बैडटच के विषय में समझाइश देने की बात कही। उन्होंने पाक्सों एक्ट, जेजे एक्ट, लैंगिग उत्पीड़न, बालश्रम, भिक्षावृत्ति आदि विषय में जनचेतना लाने व जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

## खलिहान में लगी आग, फसल जल कर राख

**रीवा।** जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर गंगेव जनपद अंतर्गत देवास गांव में एक किसान के खलिहान में आग लग जाने से तकरीबन पांच-सात ट्राली गेंहू की फसल जल कर नष्ट हो गई है जिससे पीड़ित किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। बताया गया है कि देवास ग्राम की किसान श्रीमती मानवती पटेल पत्नी श्री भोला प्रसाद पटेल अपने जमीन को खेती हेतु किसी अन्य व्यक्ति को अधिया में दी गई थी। अधिया वाले ने गेंहू की फसल काट कर घर के पास ही बने खलिहान में गेंहू की फसल को गहाई हेतु रखा गया था। गत 26 अप्रैल को रात दो बजे किसी ने दुर्भावना बस खलिहान में आग लगा दी। जिसके कारण फसल जल कर नष्ट हो गई है। उल्लेखनीय है कि किसान श्रीमती मानवती ने अपनी जमीन को अधिया में गांव के ही रहने वाले रमेश कोल को दे रखी थी। इस सम्बन्ध में किसान ने संबंधित थाना लालगांव में नामदर्ज रिपोर्ट कराई है, लेकिन अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस विवेचना कर रही है।



## कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन डॉ सौरभ सोनवणे ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना के माध्यमिक शिक्षक माहेश्वरी प्रसाद द्विवेदी को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखे जाने हेतु पुत्री की शादी के संबंध में विवाह कार्ड में विवाह की तिथि अंकित न कर गुमराह करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य में कदाचरण एवं अनुशासनहीनता करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करने का कार्य आरंभ हो गया है।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी।

## गुरमीत सिंह मंगू ने पीड़ित मानव सेवार्थ संजय गांधी अस्पताल को भेंट किया व्हील चेयर

**रीवा।** संजय गांधी हॉस्पिटल में मरीजों के बढ़ती असुविधा को देखते हुए मंगलवार को हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह मंगू ने पीड़ित मानव सेवार्थ 4 नग व्हीलचेयर मेडिकल कॉलेज डीन डॉक्टर सुनील अग्रवाल, संजय गांधी अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मनोज इंदुरकर, सीएमएचओ डॉक्टर अतुल सिंह, डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी, डॉक्टर राम अभिलाष दुबे के उपस्थिति में हॉस्पिटल प्रबंधन को भेंट किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने कहा कि संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा संभाग का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है जहा उपचार हेतु मरीजों की काफी अधिकता है। मरीजों के लिए व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की बहुत ही जरूरत है, शासन स्तर से समय-समय पर एवं रीवा के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी अपना सहयोग पीड़ित मानव के सेवा में करते रहते हैं उपलब्ध कराया जाता है फिर भी कुछ कमियां बनी रहती है। इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने आज अस्पताल के लिए सहयोग में आगे आकर व्हील चेयर भेट किये जिसके लिए उन्हें और उनकी टीम को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं साथ ही आगे भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों से अस्पताल प्रबंधन को है, आशा है सभी आगे आकर पीड़ित मानव की सेवा में अपना सहयोग जरूर प्रदान करेंगे, साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल परिसर में मरीज व उनके परिजनों को शुद्ध ठंडा जल उपलब्ध कराने प्याऊ की मांग श्री मंगू के समक्ष रखे जिस पर मांगू ने कहा कि हमारा सौभाग्य होगा की मेरे संस्थान के सौजन्य से संजय गांधी हॉस्पिटल में आने वाले मरीज व उनके परिजन शीतल जल पेय करें , शीघ्र ही ऐसी व्यवस्था अस्पताल परिसर में मंदिर के पास किया जाएगा। इस पुनीत कार्य दौरान समिति के सहयोगी साथी श्रीप्रकाश तोमर एडवोकेट हिंदू उत्सव समिति नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा पार्षद मनीष नामदेव, पूर्व पार्षद विश्वनाथ खारोल बाबा, राजेश नामदेव, प्रभात सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खेले एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में

## हांकी सहित 13 खेल विधाओं का समर कैंप प्रशिक्षण 1 मई से 1 जून तक

रीवा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा के तत्वाधान तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के मार्गदर्शन में 1 मई से 1 जून तक हांकी सहित 13 अन्य खेल विधाओं का समर कैंप प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमे जिले के खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर आगे बढ़ाने के लिए जिले के वरिष्ठ अनुभवी खिलाड़ी एवं कोच का सहयोग लिया जाएगा, उक्त संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एम के धौलपुरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित विभिन्न खेल संघो जिसमें हांकी संघ के अध्यक्ष संजय शुक्ला, फुटबॉल संघ के सचिव कासिम खान, वालीबाल संघ के श्री मिश्रा, कबड्डी एसोसिएशन के दर्शन वाकडे, खोखो संघ के अनिल सिंह, बास्केटबॉल संघ के राखी जी, जिला एथलेटिक संघ कोच रमेश तिवारी, विनोद शुक्ला फुटबॉल कोच प्रशांत सिंह, कराते संघ सहित अन्य खेलों के कोच अपने सहमति देते हुए समर कैंप के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण समापन में जिला अध्यक्ष रीवा एवं पुलिस अधीक्षक रीवा के द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों को विभाग द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।



वहीं डी एच ए रीवा से जुड़े एवम हॉकी कैंप के कोच एड संजय शुक्ला ने बताया कि हांकी प्रशिक्षण हेतु खेल मैदान की सभी आवश्यकताएं पूर्ण कर ली गई है, एपीएसयू स्टेडियम में मैदान तैयार कर लिया गया है प्रशिक्षण शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन 1मई से 5 मई तक किया जाएगा उसके बाद हॉकी खेल की बारीकियां सिखाने का काम प्रशिक्षक के द्वारा किया जाएगा, साथ ही अन्य खेल विधाओं का पंजीयन भी 1 मई से शुरू होगा। खेल में रुचि लेने वाले बच्चों एवं युवाओं से प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की गई है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833